# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026




ध्यानाकर्षण के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने युक्तियुक्तकरण के बाद व्यवस्था पर उठाए सवाल

# शिक्षा मंत्री ने माना, कई स्कूलों में शिक्षक कम शिक्षक-छात्र अनुपात के नियम का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में युक्तियुक्तकरण अभियान के बाद भी छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो पायी है। जिस अनुपात में शिक्षकों की स्कूलों में पदस्थापना की जानी है, वह अब भी पूरा नहीं है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अभी भी अधिकतर स्कूलों में छात्रों की दर्ज संख्या के अनुपात में उनको पढ़ाने के लिए शिक्षकों की कमी है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि राज्य के कई स्कूलों में शिक्षक-छात्र अनुपात का निर्धारित नियम अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाया है। विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से यह मामला नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, राघवेंद्र सिंह और शेष राज हरवंश ने उठाया। कांग्रेस विधायक राघवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य में नई शिक्षा नीति का पालन सही ढंग से नहीं हो रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्या शिक्षा नीति के तहत छात्रों के अनुपात में सभी स्कूलों में शिक्षक हैं? सवाल के जवाब में मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति में 22 छात्रों में एक शिक्षक की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के तहत आज औसत 19 छात्रों में एक शिक्षक हैं। हालांकि मंत्री यह नहीं बता पाए कि ऐसी व्यवस्था सभी स्कूलों में है। उन्होंने स्वीकर किया कि अभी सभी स्कूलों तक नई शिक्षा नीति पूरी तरह लागू नहीं हो पाया है।



मामला नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत राघवेंद्र सिंह और शेष राज हरवंश ने उठाया



## स्थिति सुधारने के हो रहे प्रयास

राघवेंद्र सिंह ने सवाल उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या राज्य के हर स्कूल में शिक्षक-छात्र अनुपात के नियम का पालन सुनिश्चित किया जाएगा और क्या इसके लिए नई शिक्षक भर्ती की जाएगी। क्या सरकार इस संबंध में कोई आदेश जारी करेगी और शिक्षकों की नई भर्ती की जाएगी, ताकि सभी स्कूलों में निर्धारित अनुपात लागू किया जा सके। मंत्री ने जवाब में स्वीकार किया कि फिलहाल सभी स्कूलों में यह मानक पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि सरकार इस दिशा में स्थिति सुधारने के लिए प्रयास कर रही है। व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त 31 सिविल जजों की सीनियरिटी निर्धारित

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने 31 सिविल जजों की सीनियरिटी निर्धारित की है। रजिस्ट्रार जनरल छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सिविल जजों की सूची जारी की है। जारी सूची के अनुसार प्रीति झा सिविल जज जूनियर घरघोड़ा , कीर्ति कुजूर 6 सिविल जज रायपुर, कु शोआ मंसूर सिविल जज पाली, श्रीमती निहारिका तिवारी चतुर्थ सिविल जज जगदलपुर, हर्षवर्धन जायसवाल सेकेण्ड सिविल जज दंतेवाड़ा, देवेन्द्र कुमार दीक्षित सिविल जज लोरमी, विवेक कुमार टंडन 7 सिविल जज रायपुर, कांची अग्रवाल सिविल जज देवभोग, श्वेता अवस्थी सिविल जज गरियाबंद, पूजा मंडावी सिविल जज प्रथम सीतापुर, खुशबू जैन सिविल जज गरियाबंद,सोम्या राय सिविल जज केशकाल, विनय कुमार साहू एडिशनल सिविल जज कोर्ट ऑफ प्रथम सिविल जज महासमुंद- सरायपाली, प्रेरणा वर्मा सिविल जज बिलाईगढ़, सुरभि धनगढ़ प्रथम सिविल जज बिलासपुर, सागर चन्द्राकर प्रथम सिविल जज कटघोरा, आकांशा खलखो सिविल जज खैरागढ़ आदि शामिल हैं।

दुकानदार स्टॉक खत्म होने से 7 से 10 दिन पहले ही भंडारण करने की कर रहे मांग

# नान के गोदाम नंबर 4 में हर दिन दो गाड़ी एक फेरा ही लगा रही, कई राशन दुकानों में चावल-शक्कर का भंडारण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के भनपुरी स्थित गोदाम नंबर चार से उचित मूल्य की दुकानों में चावल और शक्कर का समय पर भंडारण नहीं हो पा रहा है। इसके कारण इस गोदाम क्षेत्र अंतर्गत कई उचित मूल्य की दुकानों से हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है, जबकि दुकानदारों द्वारा स्टॉक खत्म होने से 7 से 10 दिन पहले ही भंडारण करने की मांग की जा रही है। दुकानदारों की इस मांग के बाद भी उचित मूल्य दुकानों में समय पर खाद्यान्न का भंडारण नहीं किया जा रहा है। हरिभूमि ने इस गोदाम के प्रभारी से बातचीत की तो पता चला कि गोदाम में हर दिन ट्रांसपोर्ट द्वारा मात्र दो गाड़ी ही लगाई जा रही हैं। ये दोनों गाड़ी एक बार ही फेरे लगा रही हैं, जिसके कारण सप्लाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी कई बार नागरिक आपूर्ति निगम की जिला अधिकारी को दी जा चुकी है, पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### कई दुकानों में शक्कर गायब

भनपुरी, मंदिर हसौद एवं धरसींवा क्षेत्र की कई उचित मूल्य की दुकानों में शक्कर का स्टॉक ही नहीं पहुंचा है। चावल और शक्कर का स्टॉक अलग-अलग वाहन से पहुंचाया जाता है। चावल का भंडारण करने के बाद शक्कर का भंडारण किया जाता है, लेकिन धीमी गति से किए जा रहे भंडारण के कारण शक्कर का भंडारण करने में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। इस कारण कई हितग्राहियों को चावल ही वितरित किया जा रहा है। शक्कर के लिए उन्हें दोबारा बुलाया जा रहा है।



### दुकानदार भी परेशान हितग्राहियों से हो रहा विवाद

भंडारण की समस्या ने दुकानदारों की भी परेशानी बढ़ा दी है। स्टॉक नहीं होने से हितग्राहियों की नाराजगी का शिकार दुकानदारों को होना पड़ रहा है। इन क्षेत्रों में संचालित कुछ दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि अगर वे इसकी शिकायत करते हैं, तो उन्हें और अधिक विलंब से चावल और शक्कर भेजा जाता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है, इसलिए वे इसकी शिकायत भी नहीं करते। मंदिर हसौद की प्रभारी संगीता ने पूर्व में कई बार गाड़ियों के टोटा के कारण उचित मूल्य दुकानों में भंडारण नहीं होने की जानकारी दे चुकी हैं। गोदाम प्रभारी ने इसकी जानकारी नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी को भी दे चुकी है। फिर भी ट्रांसपोर्ट एजेंसी के विरुद्ध कोई कार्रवाई या व्यवस्था सुधारने के लिए कदम नहीं उठाया गया है।

### मंदिर हसौद, धरसींवा गोदाम में भी गाड़ियों का टोटा

नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के मंदिर हसौद और धरसींवा गोदाम में भी गाड़ियों का टोटा रहता है। ट्रांसपोर्टर को इन गोदामों में भी जितनी गाड़ियां हर दिन लगानी हैं, उसके एवज में आधी से कम गाड़ियां लगाई जा रही हैं। इस कारण इन क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य की कई दुकानों में भी चावल और शक्कर का भंडारण समय पर नहीं हो पा रहा है। परिणाम स्वरूप हितग्राहियों को इन दुकानों का बार-बार चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

महुली में हुई घटना

# टक्कर के बाद ट्रक में लगी आग जिंदा जलकर चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रामानुजगंज/वाड्रफनगर

शुक्रवार की सुबह त्रिकुंडा थाना क्षेत्र के महुली में भिड़ंत के बाद ट्रक में आग लग गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और चालक को भागने तक का मौका नहीं मिल सका। इस



हादसे में क्लिंकर लोड ट्रक के चालक अरबाज खान की जिन्दा जलकर मौत हो गई जबकि दूसरे ट्रक का संतोष गुप्ता चालक बुरी तरह से घायल हो गया। इस घटना की सूचना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने केबिन का शीशा तोड़कर बाहर निकाला। घायल चालक को उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया है जबकि मौके पर पहुची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

### चल रही है जांच

ट्रकों के बीच हुई भिड़ंत के बाद एक चालक की जलकर मौत हो गिया है। चालक को केबिन से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी बलरामपुर







# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





## बलरामपुर जिले में दो दिनों में 61 क्विंटल से अधिक अफीम बरामद

*राज्य के तीन गांवों में अफीम की खेती मिलने के बाद जिलों में सर्वे शुरू हो गया है। शासन भी एक्शन मोड पर है। समोदा दुर्ग में नाक के नीचे हो रही अफीम की खेती को लेकर लापरवाही बरतने वाली कृषि विस्तार अधिकारी को निलंबित कर दिया है। साथ ही फसल सर्वेयर व पटवारी को नोटिस दिया गया है।*

# तुर्रीपानी से 2 करोड़ की अफीम जब्त, दुर्ग में कृषि विस्तार अधिकारी सस्पेंड, दो को नोटिस

## प्रदेशभर में अफीम के खेत खोज रहे अफसर, ड्रोन की ले रहे मदद

### 1.47 एकड़ में फसल

*अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों द्वारा 1.47 एकड़ के अफीम की खेती की गई थी। तस्करों ने चार किसानों के खेत को किराए में लिया था। इनमें से दो किसान सहादुर नगेशिया और दुईला नगेशिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों अफीम की खेती में शामिल थे और अपनी जमीन लीज पर देकर अफीम उगा रहे थे। इसके साथ ही दो अन्य किसानों के नाम भी सामने आएं है। हालांकि इनमें से एक किसान पैर और दूसरा* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### चल रही है कार्रवाई

*अफीम की खेती के मामले में हमने कार्रवाई करते हुए जड़, तना, फूल, पत्ती, फल समेत 18 क्विंटल 83 किलोग्राम अफीम जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ रुपए है। इसके साथ ही इस मामले में फिलहाल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच चल रही है। इस मामले में एंड टू एंड कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके साथ ही फाइनेंसियल गतिविधियों की जांच भी की जा रही है।*

*वैभव बैंकर रमनलाल*
*एसपी बलरामपुर*


आनंद का सच्चा भाव*

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹120278/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹146900/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹160355/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

aNaND Jewels
Pandri, Raipur

*Conditions apply


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/दुर्ग-भिलाई/ अंबिकापुर/बेमेतरा/राजिम

हरिभूमि लगातार

बलरामपुर जिले के कुसमी अंतर्गत खजुरी तुर्रीपानी में अफीम की खेती को लेकर चल रही कार्रवाई पूर्ण हो गई है। जिला और पुलिस प्रशासन के साथ ही एफएसएल के साथ ही अन्य टीमों ने मिलकर चार किसानों के खेतों में लगी अफीम की फसल को जब्त किया है। मौके से अधिकारियों ने 18 क्विंटल 83 किलोग्राम अफीम बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ रूपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने दो किसानों को गिरफ्तार किया है लेकिन भूमि लीज पर लेकर खेती कराने वाले मुख्य सरगना अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है।

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में लगातार अफीम की खेती के मामले सामने आ रहे है। जिले के त्रिपुरी गांव में अफीम की खेती की बात सामने आई जिसके बाद तीन दिनों की कार्रवाई में अधिकारियों ने मौके से अफीम ▶▶| शेष पेज 5 पर



### मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति : सीएम साय

प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती के मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर अवैध मादक पदार्थों की खेती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मौके से पकड़े गए दो आरोपी

तुर्री पानी गांव में अफीम की खेती किए जाने के मामले में पुलिस ने पुलिस ने फिलहाल कोरंधा अंतर्गत खजुरी तुर्रीपानी निवासी 34 वर्षीय सहादुर नगेशिया आ. देशिया नगेशिया व 40 वर्षीय दुईला नगेशिया आ. गोंदरा नगेशिया को कार्रवाई के दौरान पकड़ा गया है। दोनों आरोपी अफीम की खेती में शामिल थे और खेत की देखभाल का जिम्मा भी इनके ही पास था। तुर्रीपानी में भी अफीम की खेती में झारखण्ड के लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है। झारखण्ड के तस्करों ने चार किसानों की जमीन को लीज पर लिया है लेकिन ▶▶| शेष पेज 5 पर



### अफीम की खेती पर अलर्ट, पहाड़ी क्षेत्र में ड्रोन का इस्तेमाल

**बलौदा बाजार ।** बलौदाबाजार जिला प्रशासन ने अफीम की खेती को लेकर सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बैठक लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस, वन और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अगले तीन दिनों के भीतर गहन जांच अभियान चलाएं और प्रमाण पत्र जारी करें कि उनके क्षेत्र में कहीं भी मादक पदार्थों की खेती नहीं हो रही है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रमाण पत्र जारी होने के बाद कहीं भी मादक पदार्थों की खेती की शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ▶▶| शेष पेज 5 पर

## प्रारंभिक जांच के बाद कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू निलंबित, पटवारी और सर्वेयर को नोटिस

## फेंसिंग और बाउंड्री वाले खेत और फार्म हाउस की जांच के लिए उतरा अमला

दुर्ग। समोदा और झेंझरी में 5 एकड़ 62 डिसमिल में अफीम की खेती के खुलासे के बाद राज्य शासन ने आदेश जारी किया है कि जिले के सभी फेंसिंग और बाउंड्री वाले खेतों की जांच की जाए। फार्म हाउस में दबिश दी जाए, जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले के तीनों ब्लॉक दुर्ग, धमधा और पाटन में खेतों की जांच शुरू करा दी है। इस कार्य में तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षण, पटवारी, कोटवार को काम पर लगाया गया है। उनके द्वारा फेंसिंग, बाउंड्री वाले बड़े खेत और फार्म हाउस की जांच की जा रही है। दुर्ग तहसीलदार प्रफुल गुप्ता ने ग्राम सिकोला की निजी भूमि की जांच की। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित



समोदा मामले में शुक्रवार को समोदा की कृषि विस्तार अधिकारी एकता साहू को निलंबित कर दिया गया है। वहीं पटवारी अनिता ▶▶| शेष पेज 5 पर

## रायपुर में पटवारी-राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी

*रायपुर। प्रदेश के दुर्ग, बलरामपुर जिलों की तरह रायपुर जिले में भी कहीं अफीम की खेती हो रही है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कलेक्टर गौरव सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दे जारी किए हैं। इस निर्देश के तहत जिले में किसी जगह पर अफीम की खेती हो रही है या नहीं, इसका पता पटवारी और राजस्व निरीक्षक एक-एक गांव में जाकर खेतों का निरीक्षण कर लगाएंगे। हालांकि इस कार्य की शुरुआत अभी नहीं हो पाई है। ब्लॉक स्तर के कुछ अधिकारियों ने बताया कि कलेक्टोरेट से निर्देश पत्र शुक्रवार को मिला है। शनिवार और रविवार को छुट्टी है, इसलिए निरीक्षण का कार्य सोमवार से ही* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई

*शासन के निर्देश के तहत जिले के सभी ब्लॉक में अफीम की खेती का पता लगाने के लिए सर्वे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया है।*

*- डा. गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर*

ईडी ने कसा शिकंजा

## अनिल अंबानी की 581.65 करोड़ की 31 संपत्तियां अटैच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने 11 मार्च 2026 को करीब 581.65 करोड़ रुपये की 31 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया। ये संपत्तियां अलग-अलग राज्यों में स्थित जमीन के टुकड़ों के रूप में हैं। जांच एजेंसी का कहना है कि यह कार्रवाई वित्तीय अनियमितताओं और बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मामलों की जांच के तहत की गई है। ईडी द्वारा अटैच की गई 31 संपत्तियां देश के कई राज्यों में फैली हुई हैं।

### रिलायंस पावर की जांच के बाद एक्शन

*ईडी की यह कार्रवाई रिलायंस पावर लिमिटेड (आर-पावर) से जुड़े मामले में हाल ही में की गई तलाशी के बाद सामने आई है। जांच एजेंसी ने 6 मार्च 2026 को विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून यानी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी जांच के दौरान कई दस्तावेज और वित्तीय लेनदेन की जानकारी सामने आई. इसके बाद संदिग्ध संपत्तियों को अटैच करने की प्रक्रिया शुरू की गई।*

## चैत्र नवरात्रि में डोंगरगढ़ रुकेंगी 10 और एक्सप्रेस ट्रेनें

*डोंगरगढ़ में माता के दर्शन करने जाने यात्रियों को 17 से 27 तक दिनभर में मिलेंगी 20 से अधिक ट्रेनें*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

चैत्र नवरात्रि का पर्व 19 मार्च से शुरू होने जा रहा है। हर साल नवरात्रि में रोजाना हजारों की संख्या में लोग मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने मंदिर पहुंचते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए रेलवे ने पर्व से पहले एक्सप्रेस ट्रेनों के अस्थाई ठहराव की घोषणा कर दी है। इस बार डोंगरगढ़ में 10 अतिरिक्त एक्सप्रेस ट्रेनें रुकेंगी। सामान्य दिनों में लंबी दूरी की दर्जन से अधिक ट्रेन डोंगरगढ़ में रुकती है। अब नवरात्रि में एक्सप्रेस ट्रेनों का कुल ठहराव 20 से अधिक पहुंच गया है।

इसके अलावा रेलवे ने दुर्ग से डोंगरगढ़ जाने वाली दो स्पेशल ट्रेनों का भी रायपुर तक विस्तार कर दिया है। ऐसे में अब नवरात्रि में डोंगरगढ़ जाने सुबह से ▶▶| शेष पेज 5 पर




### डोंगरगढ स्टेशन में ठहराव की सुविधा

- बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस
- भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस
- बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस
- बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- बिलासपुर - चेन्नई एक्सप्रेस
- चेन्नई - बिलासपुर एक्सप्रेस
- बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस
- पुणे- बिलासपुर एक्सप्रेस
- रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस
- यह ट्रेन डोंगरगढ़ जाएगी
- - 68742 / 68741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर को रायपुर तक विस्तारित की जा रही है ।
- 68729/ 68730 रायपुर-डोंगरगढ-रायपुर मेमू पैसेजर का गोंदिया तक विस्तार किया जा रहा है।
- 06886/06885 डोंगरगढ-दुर्ग-डोंगरगढ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है ।

## चल रही बाघों की गणना, लगाए गए हैं जगह जगह कैमरे

**रिज़र्व के सभी 143 बीट्स में बाघों की गणना कराई जा रही है**

# नक्सल मुक्त हो रहे उदंती-सीतानदी में बाघों की चहल कदमी, कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व में इन दिनों बाघों की मौजूदगी के उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। लंबे समय तक नक्सल प्रभाव से प्रभावित रहे इस क्षेत्र में अब हालात सामान्य होने के बाद जंगलों में फिर से रौनक लौटती दिखाई दे रही है। आमजन के साथ-साथ वन्य जीव भी अब जंगलों में स्वच्छंद रूप से विचरण करते नजर आ रहे हैं।

दरअसल, देशभर में चल रहे ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन 2026 के तहत उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व में बड़े पैमाने पर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान लगाए गए ट्रैप कैमरों में लगातार



बाघों की तस्वीरें कैद हो रही हैं, जिससे वन विभाग में उत्साह का माहौल है।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिज़र्व के डीएफओ वरुण जैन ने बताया कि नक्सल प्रभाव कम होने के बाद पहली बार रिज़र्व के सभी 143 बीट्स में बाघों की गणना कराई जा रही है। पहले सुरक्षा कारणों से केवल 60 से 70 प्रतिशत क्षेत्र में ही सर्वे संभव हो पाता था। उन्होंने बताया कि इस बार पूरे रिज़र्व क्षेत्र में व्यवस्थित तरीके से ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं और कई स्थानों से बाघों की तस्वीरें मिल रही हैं।

इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में बाघों की गतिविधि मौजूद है और उनका मूवमेंट लगातार दर्ज किया जा रहा है।

### सर्वे से सही आकलन

वन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि पूरे क्षेत्र में व्यापक सर्वे होने से बाघों की वास्तविक संख्या और उनके आवागमन का सही आकलन हो सकेगा। साथ ही, इससे संरक्षण की योजनाओं को और प्रभावी बनाने में भी मदद मिलेगी।

### बन रहा अनुकूल माहौल

*विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल में लगातार सुनाई दे रही बाघों की दहाड़ यह संकेत देती है कि उदंती-सीतानदी का वन क्षेत्र फिर से वन्यजीवों के लिए सुरक्षित और अनुकूल बनता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में इस रिज़र्व में बाघों की संख्या बढ़ने की उम्मीद भी जताई जा रही है।*




**19 अप्रैल से शुरू होने वाली है चारधाम यात्रा**

# चारधाम मंदिरों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक, सिख-जैन और बौद्ध को छूट

## बीकेटीएस प्रेसिडेंट ने कहा- अन्य मंदिरों में भी लागू करेंगे नियम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चार धाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू होने वाली है। इस सालाना हिमालयी तीर्थयात्रा की तैयारियां पहले से ही चल रही हैं। इस बीच, उत्तराखंड सरकार ने इस साल के तीर्थयात्रियों के मैनेजमेंट के लिए कई कदम उठाए हैं। मंदिर परिसर में एंट्री को लेकर एक ज़रूरी फ़ैसला लिया गया है। बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर कमिटी ने घोषणा की है कि तीर्थयात्रा के दौरान कुछ मंदिरों में गैर-हिंदुओं को जाने की इजाज़त नहीं होगी। इस बीच, आइए जानें कि क्या बौद्ध, सिख और जैन धर्म के लोगों पर भी रोक लगाई जाएगी।

मंदिर कमिटी ने फ़ैसला किया है कि आने वाले तीर्थयात्रा सीज़न के दौरान दो बड़े मंदिरों, केदारनाथ और बद्रीनाथ के परिसर में गैर-हिंदुओं को जाने की इजाज़त नहीं होगी। यह नियम सिर्फ़ इन दो मंदिरों तक ही सीमित नहीं है। बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर कमिटी के मुताबिक, यह पूरे इलाके में उसके एडमिनिस्ट्रेटिव कंट्रोल में आने वाले लगभग 45 दूसरे मंदिरों पर भी लागू होगा। मंदिर अधिकारियों के मुताबिक, इसका मकसद धार्मिक जगहों की धार्मिक पवित्रता बनाए रखना है।



### बौद्ध, सिख और जैन धर्म के लोगों को एंट्री

गैर-हिंदुओं पर बैन के बावजूद, यह बैन सिख, जैन और बौद्ध लोगों पर असर नहीं डालेगा। बीकेटीएस प्रेसिडेंट ने कहा कि भारतीय संविधान के आर्टिकल 25 के तहत, इन धर्मों को कुछ कानूनी और सांस्कृतिक मामलों में हिंदू परंपराओं की एक बड़ी परिभाषा का हिस्सा माना जाता है। इसका मतलब है कि इन धर्मों के मानने वालों को इस बैन से बाहर रखा गया है।

### कई मंदिरों में लागू करने की योजना

*मंदिर के अधिकारी बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर कमेटी द्वारा मैनेज किए जाने वाले लगभग 47 से 50 मंदिरों में इस नियम को लागू करने की योजना बना रहे हैं। जबकि कुछ जगहों पर इस फैसले को पहले ही औपचारिक रूप से मंजूरी मिल चुकी है, दूसरों के लिए अभी भी चर्चा चल रही है। गंगोत्री मंदिर को मैनेज करने वाली कमेटी ने पहले ही इस नियम का समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पास कर दिया है।*

### चार धाम यात्रा के लिए मंदिर खुलने की तारीख

*चार धाम यात्रा आधिकारिक तौर पर 19 अप्रैल को शुरू होगी। यमुनोत्री और गंगोत्री मंदिरों के दरवाजे इसी तारीख से भक्तों के लिए खुलेंगे। केदारनाथ मंदिर तीन दिन बाद, 22 अप्रैल को खुलेगा। इसके बाद बद्रीनाथ मंदिर 23 अप्रैल को खुलेगा।*

### चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

सरकार ने चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बना दिया है। श्रद्धालु निम्नलिखित चरणों का पालन करके पंजीकरण कर सकते हैं-
1. आधिकारिक चार धाम यात्रा पोर्टल पर जाएं या मोबाइल ऐप डाउनलोड करें। 2. अपने मोबाइल नंबर का उपयोग करके एक खाता बनाएं। 3. अपने व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, पहचान पत्र और यात्रा की तिथियाँ दर्ज करें। 4. उन मंदिरों का चयन करें, जिनका आप दौरा करना चाहते हैं। 5. फॉर्म सबमिट करें और पंजीकरण पुष्टि डाउनलोड करें। ध्यान दें- यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को पंजीकरण पर्ची और एक वैध पहचान पत्र अपने साथ ले जाना आवश्यक है। ऑफलाइन के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सरकार यात्रा शुरू होने से दो दिन पहले, यानी 17 अप्रैल को ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। रजिस्ट्रेशन काउंटर निम्नलिखित स्थानों पर स्थापित किए जाएंगे- जिनमें ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून प्रमुख हैं।

---

**खबर संक्षेप**

### कोर्ट में पत्नी पर फेंका एसिड, बाद में खाया जहर



**सूरत।** गुजरात के सूरत में पारिवारिक अदालत परिसर में 75 वर्षीय एक व्यक्ति ने अलग रह रही अपनी पत्नी पर कथित तौर पर तेजाब जैसा तरल पदार्थ फेंक दिया, जिससे वह झुलस गई। बाद में, आरोपी ने खुद भी जहर खा लिया। उमरा थाना निरीक्षक जेए राठवा ने बताया कि दंपति भरण-पोषण संबंधी एक मामले के सिलसिले में अदालत आया था। उन्होंने कहा कि आरोपी का अलग रह रही 61 वर्षीय पत्नी के साथ मुकदमों का लंबा इतिहास है।

### तेलंगाना में बस के पलटने से चार लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में एक तेज रफ्तार बस के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आज सुबह हादसे की चपेट में आई निजी बस में 23 लोग सवार थे जो हैदराबाद से महाराष्ट्र के अकोला जा रहे थे। उन्होंने कहा कि निज़ामाबाद में इंदलवाई के पास चालक के वाहन से नियंत्रण खोने से बस पलट गई। पुलिस अधिकारियों बताया कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। चालक की लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

---

## जी-7 सम्मेलन में ट्रंप का बड़ा दावा, ईरान नहीं चूक रहा दमखम दिखाने से

# ट्रंप बोले - 'ईरान कभी भी कर सकता है सरेंडर इधर, ईरान ने तीन नाटो देशों पर किया हमला

*दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों जी-7 के समूह के नेताओं के साथ एक वर्चुअल बैठक के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हालिया सैन्य कार्रवाइयों के बाद ईरान की स्थिति काफी कमज़ोर हो गई है, और वह देश अब ज़्यादा समय तक इस संघर्ष को जारी नहीं रख पाएगा तथा कभी भी आत्मसमर्पण कर देगा। वहीं इसके उलट ईरान ने नाटो के तीन सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। इन घटनाओं के बाद, नाटो देशों के बीच चिंताएँ बढ़ गई हैं और सुरक्षा उपायों को काफी कड़ा कर दिया गया है।*

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

गौरतलब है कि जी 7 दुनिया की सात प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं। यह मंच वैश्विक अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस मामले पर जी 7 देशों के नेताओं के बीच भी अलग-अलग राय सामने आई हैं। कुछ नेताओं को उम्मीद है कि यह बयान युद्ध समाप्त होने का संकेत हो सकता है, जबकि अन्य को डर है कि इससे संघर्ष और लंबा खिंच सकता है। हालाँकि, इस दावे की ईरान द्वारा अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की गई है।

**ईरान व मिलिशिया समूहों ने किए हमले :** पिछले 48 घंटों के भीतर, ईरान और उसके सहयोगी मिलिशिया समूहों ने नाटो के तीन सदस्य देशों फ्रांस, इटली और तुर्की के सैन्य ठिकानों को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। रिपोर्टों के अनुसार, इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में स्थित सैन्य ठिकानों के साथ-साथ तुर्की के एक प्रमुख हवाई अड्डे पर भी मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए। इन हमलों ने न केवल क्षेत्रीय तनाव को चरम सीमा तक पहुँचा दिया है, बल्कि इस आशंका को भी बढ़ा दिया है कि उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन सीधे तौर पर इस युद्ध में शामिल हो सकता है।



### ओमान में हुए हमले में दो भारतीयों की मौत

यूएस-ईरान युद्ध के चलते पश्चिम एशिया में संकट और गहराता जा रहा है। इस युद्ध की चपेट में आम नागरिक भी आ रहे हैं। खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीय नागरिकों की भी जान जा रही है। शुक्रवार को ओमान के सोहार में हुए हमले में भारत के दो नागरिकों की मौत हो गई है। विदेश मंत्रालय ने मृतकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच आज ओमान के सोहार में हुए एक हमले में हमने दो भारतीय नागरिकों को खो दिया। इस हमले में कई अन्य भारतीय नागरिक भी घायल हुए हैं। हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने आगे लिखा, 'ओमान स्थित हमारा मिशन स्थानीय अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित कंपनी के भी संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।' सरकार ने संसद को बताया कि वर्तमान मेंईरान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें छात्र, व्यवसायी, कारखाना कर्मचारी, तीर्थयात्री, नाविक और मछुआरे शामिल हैं।

### संघर्ष के बीच ट्रंप का बयान

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगी इज़राइल द्वारा किए गए सैन्य अभियान बेहद सफल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि इस अभियान ने क्षेत्र में मौजूद एक बड़े खतरे को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई है। ट्रंप ने कहा कि ईरान का नेतृत्व इस समय पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है, और देश के भीतर कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आधिकारिक तौर पर आत्मसमर्पण की घोषणा कर सके।

### मोजतबा कोमा में, हमले में एक पैर कटा- रिपोर्ट

ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई के स्वास्थ्य को लेकर नए दावे सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि अमेरिकी-इजरायली हमले में वे बुरी तरह घायल हो गए हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन ने दावा किया है कि मोजतबा कथित तौर पर कोमा में हैं और उनका कम से कम एक पैर कट गया है। फिलहाल तेहरान में उनका इलाज चल रहा है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि खामेनेई के पेट या लीवर में गंभीर क्षति भी हुई है।

### बिना शर्त आत्मसमर्पण' की पिछली चेतावनियाँ

यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने ईरान के संबंध में कोई कड़ा बयान दिया है। उन्होंने पहले भी स्पष्ट रूप से कहा है कि ईरान के साथ किसी भी समझौते की संभावना तभी है, जब वह देश बिना शर्त आत्मसमर्पण करने पर सहमत हो जाए। इस बयान के बाद से, यह मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मंच पर व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। कई देशों का मानना है कि यदि तनाव इसी तरह बढ़ता रहा, तो इसके दुष्परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था और तेल बाजारों, दोनों पर पड़ सकते हैं।

---

**केरल चुनाव की तैयारी भी तेज**

# बंगाल के लिए भाजपा के 140 उम्मीदवार तय!

## उम्मीदवारों को लेकर पीएम आवास में हुई बैठक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पश्चिम बंगाल और केरल के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बंगाल की करीब 160 सीटों पर विचार किया गया और लगभग 140 सीटों के उम्मीदवारों पर सहमति बनी। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी की चुनाव समिति के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में खास तौर पर पश्चिम बंगाल की कई सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बताया जा रहा है कि पार्टी ने कई सीटों पर संभावित उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।



### केरल चुनाव को लेकर क्या चर्चा हुई?

सूत्रों के अनुसार केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में केरल विधानसभा चुनाव को लेकर भी विचार किया गया। पार्टी ने वहां संभावित उम्मीदवारों और चुनावी रणनीति पर चर्चा की। भाजपा दक्षिण भारत में अपनी राजनीतिक मौजूदगी मजबूत करने के लिए केरल चुनाव को महत्वपूर्ण मान रही है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पहले भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के आवास पर भी एक अहम बैठक हुई थी। इस बैठक में अमित शाह, पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में पार्टी की चुनावी रणनीति और संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई।

### बंगाल की 160 सीटों पर हुई चर्चा

सूत्रों के मुताबिक बैठक में पश्चिम बंगाल की करीब 160 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। इनमें से लगभग 140 सीटों के उम्मीदवारों को लेकर सहमति बनने की जानकारी सामने आई है। पश्चिम बंगाल में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं। बाकी सीटों के उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए जल्द एक और बैठक बुलाई जा सकती है।

---

# बोडोलैंड रहा कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी, डबल इंजन सरकार पर जोर

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को असम के कोकराझार की जनता से मुखातिब हुए। कुछ ही हफ्ते बाद इस राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। ऐसे में पीएम मोदी ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का समर्थन करने की अपील करते हुए जनता के सामने बीते कुछ वर्षों मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को भी रेखांकित किया। पीएम मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन के दौरान सबसे पहले खराब मौसम के कारण कोकराझार न आ सकने को लेकर अफसोस जताया। उन्होंने कहा, 'मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है।' पीएम मोदी ने कहा, भाजपा-एनडीए की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है।

**पीएम मोदी ने किया असम में कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण**



### कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। दिल्ली में बैठी कांग्रेस की सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। जब आपने देश और असम दोनों जगह से कांग्रेस को खदेड़ा और भाजपा-एनडीए को अवसर दिया, तो हमने पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर भारत के लिए बीते एक दशक से अधिक समय में किए गए फैसलों का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस जहां अपनी स्वार्थी राजनीति के लिए अलग-अलग समुदायों में फूट डाल देती थी, वहां भाजपा ने स्थायी शांति के लिए काम किया।

---

**बृजमोहन के सवाल पर लोस में विदेशमंत्री के जवाब**

# पड़ोसी देशों को मदद दे रहा है भारत : जयशंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



विश्व में मचे भारी उथल पुथल, युद्ध और कलह के बीच रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में शुक्रवार को पड़ोसी देशों के साथ मधुर संबन्धों सहित अन्य कूटनीति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर से जवाब चाहा। बृजमोहन अग्रवाल ने विस्तारवादी नीति के समर्थक चीन की हिंद महासागर क्षेत्र की गतिविधियों पर भारत की नज़र और पड़ोसी बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ संबन्धों और उनको दी जा रही आर्थिक सहायता पर भी जानकारी चाही। जिस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी पड़ोस प्रथम नीति, एक्ट ईस्ट नीति और महासागर दृष्टिकोण के अनुरूप अपने पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत बनाने के लिए अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। भारत बिमस्टेक क्षेत्र में क्षमता और संस्था निर्माण की दिशा में अनेक पहल कर रहा है।

---

# आज से इंडिगो की घरेलू उड़ान पर 425 इंटरनेशनल पर 2300 तक एक्स्ट्रा चार्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एअर इंडिया के बाद इंडिगो की फ्लाइट्स भी महंगी हो जाएंगी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी ने सभी घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर 'फ्यूल सरचार्ज' लगाने की घोषणा की है। एयरलाइन ने बताया कि जंग से पहले जेट फ्यूल की कीमतें लगभग 85 से 90 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 150 से 200 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुंच गई है। इस कारण घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स की टिकटों पर 425 रुपए से 2300 रुपए तक सरचार्ज लगाया जाएगा। एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज के साथ टिकटों की नई कीमतें 14 मार्च रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी।

- एअर इंडिया के बाद इंडिगो की भी टिकटें महंगी



**अलग-अलग दूरी के हिसाब से सरचार्ज :** इंडिगो ने यात्रियों पर पड़ने वाले बोझ को कम रखने के लिए अलग-अलग दूरी के हिसाब से चार्ज तय किया है। कंपनी ने कहा कि जेट फ्यूल की कीमत बढ़ने से बढ़ी हुई लागत को वसूलने के लिए किराए में बहुत बड़ी बढ़ोतरी की जरूरत थी। इंडिगो ने कहा कि वह स्थिति पर नजर बनाए रखेगी और जरूरत पड़ने पर इन चार्जेस में बदलाव किया जाएगा।

**एअर इंडिया की घरेलू फ्लाइट 399 रुपए महंगी :** बता दें कि एअर इंडिया ने 12 मार्च से घरेलू फ्लाइट टिकटों पर 399 रुपए का फ्यूल सरचार्ज लगा रही है। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स के किराए में करीब 15% की बढ़ोतरी की है।

### जेट फ्यूल की कीमतें लगभग दोगुनी

28 फरवरी को शुरू हुई ईरान-इजराइल जंग और होर्मुज रूट प्रभावित होने के बाद से तेल की सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस वजह से क्रूड ऑयल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत आज 101 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। हाल ही में इसकी कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई थी। जंग से पहले जेट फ्यूल की कीमतें लगभग 85 से 90 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 150 से 200 डॉलर प्रति बैरल के बीच पहुंच गई है। वहीं मिडिल ईस्ट के तनाव के कारण दुनियाभर में अब तक 40,000 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल भी हुई हैं।

---

**शॉपिंग मॉल, सड़कों, पुलों बिजली तारों की देखभाल करने की मांग की गई थी**

# सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा- आप क्या चाहते हैं कि हम पूरा देश चलाएं...?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि क्या आप चाहते हैं कि हम पूरे देश को चलाएं?। याचिका में देश में सड़कों, पुलों और बिजली की तारों आदि की ठीक से देखभाल करके जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक निर्देश देने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि यह याचिका शॉपिंग मॉल जैसी है, जिसमें हर तरह की मांग रख दी गई है। पीठ ने कहा कि ऐसे व्यापक आदेश देना लगभग असंभव है, जब तक कि उठाए गए मुद्दे स्पष्ट और विशेष न हों। इसलिए हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं करेंगे।

### हाईकोर्ट जाने को कहा

हालांकि अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता चाहे तो उचित तरीके से नई याचिका बनाकर संबंधित हाईकोर्ट में जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह मामले की असल बातों (मेरिट) पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहा है। सीजेआई ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप बहुत व्यापक निर्देश मांग रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि इन निर्देशों का राज्यों के वित्त (पैसों) पर असर पड़ेगा, इसलिए राज्यों की स्थिति समझने के लिए हाईकोर्ट ज्यादा उपयुक्त हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सरकारी लापरवाही के कारण देशभर में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।



### याचिका में हर तरह की मांग

याचिका में केंद्र सरकार और अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई थी जिनमें सड़कों, पुलों और बिजली की तारों जैसी सार्वजनिक सुविधाओं की नियमित जांच और मरम्मत करें। उच्च स्तरीय स्वतंत्र सुरक्षा ऑडिट समिति बनाएं। इस समिति में सिविल इंजीनियर, इंफ्रास्ट्रक्चर विशेषज्ञ, फोरेंसिक जांचकर्ता और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हों। यह समिति शहरों और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक ढांचे की नियमित सुरक्षा जांच करे। 2020 से अब तक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी मौतों का डेटा इकट्ठा कर डिजिटल रूप में सार्वजनिक किया जाए।

### ब्लड बैंकों में एनएटी टेस्ट अनिवार्य करने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रिट याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया जिसमें ब्लड बैंकों में खून डोनेट करते समय न्यूक्लिक एसिड टेस्ट को अनिवार्य बनाने की मांग की गई। यह देखते हुए कि एनएटी एक ज़्यादा महंगा प्रोसेस है, जैसा कि याचिकाकर्ता ने खुद माना, कोर्ट ने कहा कि वह इसे अनिवार्य बनाने का निर्देश जारी नहीं कर सकता, क्योंकि इससे राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। यह याचिका सर्वेशम मंगलम फाउंडेशन नाम के एक संगठन ने दायर की थी। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाया गया मुद्दा एक नई मेडिकल टेक्नोलॉजी को शुरू करने से जुड़ा है। इसमें किसी मौजूदा कानून की व्याख्या शामिल नहीं है जिसके लिए न्यायिक दखल की जरूरत हो। कोर्ट ने कहा कि यह तय करना कि एनएटी टेस्टिंग को अनिवार्य बनाया जाए या नहीं इसके लिए खास मेडिकल जानकारी और पॉलिसी से जुड़े पहलुओं की ज़रूरत होती है, जिनका आकलन करने के लिए कोर्ट सक्षम नहीं है।

---

**अमेरिकी हमले में हुई थी मौत**

# श्रीलंका से ईरान भेजे जाएंगे मारे गए 84 नौसैनिकों के शव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हिंद महासागर में इस महीने की शुरुआत में हुई एक खौफनाक घटना के बाद, अब मारे गए ईरानी नौसैनिकों के शवों को उनके वतन वापस भेजा जा रहा है। श्रीलंका सरकार ने फैसला किया है कि वह उन 84 ईरानी सैनिकों के शवों को ईरान लौटाएगी, जो एक अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में मारे गए थे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, कोलंबो की एक अदालत ने सरकार को आदेश दिया था कि इन शवों को श्रीलंका में मौजूद ईरानी दूतावास को सौंप दिया जाए। अब कोर्ट के आदेश के बाद कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है और शवों को भेजने का काम शुरू हो गया है। जहाज पर सवार 60 अन्य सदस्य अब भी लापता हैं जिनकी खोज जारी है।

### विशेष विमान से ताबूतों की घर वापसी

श्रीलंका के अधिकारियों का कहना है कि ईरान की सरकार अपने जवानों के शवों को ले जाने के लिए एक खास चार्टर्ड विमान लेकर आ रही है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, 46 शवों का पहला बैच शुक्रवार दोपहर को ईरान के चार्टर्ड कार्गो विमान से रवाना कर दिया गया। बाकी बचे शवों को भी जल्द ही ईरान भेज दिया जाएगा।

रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी | वर्ष: 24, अंक : 231 | पृष्ठ : 12+4+4=20, मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




एलपीजी संकट पर सड़क से संसद तक हंगामा, विपक्ष ने किया प्रदर्शन

ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल की जंग की वजह से एलपीजी की क़िल्लत के बीच देश के कई शहरों में घरेलू गैस के ग्राहकों की लंबी क़तारें लगी हैं, इनमें रायपुर भी शामिल है। लोग बेहद पैनिक हो रहे हैं, हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन यह मुद्दा अब सड़क से संसद तक पहुंच गया है। कांग्रेस समेत विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद परिसर में सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले एलपीजी संकट के खिलाफ प्रदर्शन किया वहीं दिल्ली और राजस्थान में भी सरकार के खिलाफ कांग्रेस सड़कों पर उतरी।

# सरकार का दावा- रसोई गैस की कमी नहीं... इधर रायपुर समेत कई राज्यों में सिलेंडर के लिए लाइन बढ़ती जा रही

सरोकार खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी भी हो रही है। कई जगहों पर 2 हजार का कॉमर्शियल सिलेंडर 4 हजार में बिक रहा है। वहीं पंजाब में लोग सिलेंडर लेकर भागते भी दिखे। केरल में करीब 40% रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है। यूपी में फैक्ट्रियों को गैस सप्लाई नहीं हो रही है। इसका असर पॉटरी, चूड़ी से लेकर पेठा फैक्ट्रियों तक पड़ रहा। बुलंदशहर में एशिया के सबसे बड़े पॉटरी उद्योग पर पड़ा है। ▶▶| शेष पेज 5 पर




### इधर, दिल्ली में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन


*उधर, दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एलपीजी सप्लाई की बिगड़ी स्थिति को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। राजस्थान में प्रदर्शन करते हुए सिलेंडर की शवयात्रा निकाली गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सड़क पर लकड़ी से चूल्हा जलाकर चाय, रोटी और सब्जी बनाकर विरोध जताया। कांग्रेस का आरोप है कि गैस आपूर्ति की खराब व्यवस्था का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।*

### स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर भारत आएंगे एलपीजी से भरे 2 जहाज



रसोई गैस की किल्लत झेल रहे भारत को बड़ी राहत मिली है। ईरान ने भारत को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर दो एलपीजी टैंकर ले जाने की इजाजत दे दी है। शुक्रवार को ही भारत में ही ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने संकेत दिया है कि भारत को दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल की आवाजाही के लिए सुरक्षित रास्ता दिया जाएगा। अब रॉयटर्स ने खबर ने दी है कि ईरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से भारत आ रहे दो एलपीजी भरे जहाज को गुजरने की अनुमति देने पर राजी हो गया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद भारत में एलपीजी की किल्लत देखी जा रही है।

### सरकार का दावा- देश में तेल और गैस का संकट नहीं




पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

### वैश्विक संकट से सेंसेक्स 1,470 अंक ढहा, निफ्टी 23,200 के नीचे



**मुंबई।** सप्ताह का आखिरी दिन और दलाल स्ट्रीट पर मातम पसर गया है। शुक्रवार की शाम जब बाजार बंद हुआ, तो निवेशकों के पोर्टफोलियो से लाखों करोड़ रुपये स्वाहा हो चुके थे। सेंसेक्स का 1470 अंकों का गोता और निफ्टी का 23200 के स्तर से नीचे गिरना, यह महज एक गिरावट नहीं, बल्कि एक ब्लैक फ्राइडे था। मिडिल ईस्ट की आग ने बाजार में जो धुआं उठाया है, उससे निवेशकों की सांसें फूल रही हैं। दिन भर की भारी उठापटक के बाद बाजार इन स्तरों पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1470.50 अंक (1.93%) की भारी गिरावट के साथ 74563.92 पर बंद हुआ।

### अमेरिका ने सभी देशों को रूसी तेल खरीदने की 30 दिन की छूट



अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 100 डॉलर के पार चली गई हैं। इसे काबू में करने के लिए ट्रम्प प्रशासन ने दूसरे देशों को भी रूस से तेल खरीदने की अस्थाई मंजूरी दे दी है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग (वित्त मंत्रालय) ने एक लाइसेंस जारी किया। इसके तहत उन रूसी कच्चे तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की डिलीवरी और बिक्री की जा सकती है, जो 12 मार्च की रात 12:01 बजे से पहले जहाजों पर लोड हो चुके थे। यह छूट सिर्फ 11 अप्रैल तक के लिए दी गई है।

## खबर संक्षेप

### मोजतबा समेत 10 ईरानी नेताओं पर रखा ट्रंप ने 1 करोड़ डॉलर का ईनाम



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई की जानकारी देने वालों के लिए इनाम घोषित किया है। मोजतबा के साथ-साथ ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर्प्स (आईआरजीसी) के प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वालों के लिए एक करोड़ डॉलर के इनाम का ऐलान किया गया है। इस अपील में अमेरिका ने जिन ईरानी अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी है, उनमें ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खातिब, डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ अली असगर हेयाजी, मेजर जनरल याह्या रहीम सफवी, गृह मंत्री ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी और सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारिजानी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने यह अपील रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत की है।

### दिल्ली दंगा : कपिल मिश्रा को बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को बीजेपी नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री कपिल मिश्रा के खिलाफ 2020 के दिल्ली दंगों के सिलसिले में एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) अश्वनी पनवार ने यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास द्वारा दायर इस याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इलियास ने सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत कोर्ट से गुहार लगाई थी।

### तिरुमला लड्डू विवाद सुनवाई से इनकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तिरुमला लड्डू विवाद के बारे में पोस्टर या सार्वजनिक बयानों के माध्यम से कथित तौर पर गलत सूचना फैलाने वाले व्यक्तियों या संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने चार अक्टूबर 2024 को पांच-सदस्यीय एक स्वतंत्र विशेष जांच दल का गठन किया था, ताकि तिरुपति में लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच की जा सके और 'करोड़ों लोगों की भावनाओं को शांत किया जा सके'।

### बस में आग लगने से 6 लोगों की मौत



**बर्न।** स्विट्जरलैंड में एक बस में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया था, लेकिन अधिकारियों ने इसकी अभी पुष्टि नहीं की है। यह घटना स्थानीय समय के हिसाब से शाम करीब 6.25 बजे (भारतीय समय 10.55 पीएम) करजर्स में हुई, जो राजधानी बर्न से लगभग 20 किलोमीटर दूर है।

## पक्षपातपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी सहित लगाए कई आरोप

# 10 पन्ने का नोटिस, 200 सांसदों के हस्ताक्षर, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश के खिलाफ आया विपक्ष का महाभियोग

■ लोस के 100 और रास के 50 सांसदों के हस्ताक्षर होते हैं आवश्यक


*विपक्ष ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के प्रस्ताव के लिए शुक्रवार संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस दिए। इस नोटिस पर 200 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने बताया कि नोटिस में सात बिंदु हैं।*

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सात आरोप लगाए गए हैं, जिनमें 'पद पर रहते हुए पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण', 'चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना' और 'बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना' जैसे आरोप शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा के 130 सांसदों ने और राज्यसभा के 63 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। विपक्ष के एक नेता ने बताया कि सांसदों ने नोटिस को लेकर काफी उत्साह दिखाया और आवश्यक संख्या पूरी हो जाने के बाद भी गुरुवार को कई सांसदों ने हस्ताक्षर किए। नियमों के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए नोटिस पर लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं।



लोकसभा के 130 राज्यसभा के 63 सांसदों के हस्ताक्षर

### चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया

मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया महाभियोग है जो उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए अपनाई जाती है। महाभियोग केवल सिद्ध कदाचार या अक्षमता के आधार पर ही लगाया जा सकता है। सीईसी को हटाने का प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है और इसे पारित होने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है—सदन की कुल सदस्य संख्या का बहुमत और उपस्थित एवं मतदान करने वाले सदस्यों का दो-तिहाई बहुमत।

### आम आदमी पार्टी के सांसद भी आए समर्थन में

एक अन्य सूत्र के अनुसार, इस नोटिस पर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सभी दलों के सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, हालांकि पार्टी अब आधिकारिक रूप से इस गठबंधन का हिस्सा नहीं है। यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए इस तरह का नोटिस दिया गया है।

### दोनों सदनों में जुटाया भारी समर्थन

विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए बड़ी संख्या में सांसदों का समर्थन जुटाया है। लोकसभा से जहां 130 सांसदों ने नोटिस पर दस्तखत किए हैं, वहीं राज्यसभा से 63 सांसदों ने अपनी सहमति दी है। यह संख्या बल संवैधानिक रूप से नोटिस देने के लिए जरूरी न्यूनतम सीमा से काफी ज्यादा है। विपक्षी दल इस मुद्दे पर पूरी तरह एकजुट नजर आ रहे हैं।

### विपक्ष ने लगाए हैं यह आरोप

-विपक्षी दलों ने कई मौकों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की मदद करने का आरोप लगाया है। खासकर मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर ) प्रक्रिया को लेकर। विपक्ष का आरोप है कि यह प्रक्रिया केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है। खास तौर पर पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर चिंता जताई गई है।

### कितनी कामयाब होगी विपक्ष की यह कवायद

जानकारों के अनुसार, सीईसी के खिलाफ नोटिस भले दे दिया गया है और यदि उसे मान भी लिया जाता है तो बहस होने में महीनों लग सकते हैं। उस समय तक पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव खत्म हो जाएंगे, जिनके इस गर्मी की शुरुआत में होने की उम्मीद है। आपको बता दें, विपक्ष ने इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जो खारिज हो गया था।

### बंगाल में इस साल होने हैं विधानसभा चुनाव



गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों में टीएमसी अपनी सत्ता बचाने की कोशिश करेगी, जबकि भाजपा, सत्ता में वापसी की राह तलाश रही है। भाजपा ने 2021 के चुनाव में 77 सीटें जीती थीं।

## जमीन मामले को लेकर गहराया विवाद

# भिलाई में महापौर और आयुक्त के बीच ठनी, मुख्य सचिव से की शिकायत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ अखबार, सोशल मीडिया में 'गलत' जानकारी फैलाने का आरोप

भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल और निगम आयुक्त राजीव पांडेय के बीच विवाद गहरा गया है। महापौर पाल ने एमआईसी मेंबर्स के साथ कलेक्टर को निगम आयुक्त पाण्डेय के खिलाफ शिकायत का ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम से सौंपा गया है, जिसमें आयुक्त के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की मांग की गई है। मेयर नीरज पाल ने हरिभूमि को बताया कि हाल ही में ही ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मनमाने तरीके से मद का किया दुरुपयोग

महापौर ने आरोप लगाया कि आयुक्त ने डीएमएफ मद से 4.50 करोड़ के कार्य की स्वीकृति बिना तकनीकी स्वीकृति, एम.आई.सी. एवं सामान्य सभा में लाये दे दी। इसी तरह वार्ड 4 में 21 करोड़ 54 लाख के कार्यों की विधि विरुद्ध स्वीकृति दी। शासन के आदेश पर निगम ने 1248 प्लाटों की ई-नीलामी की थी। इससे मिली राशि को मनमाने ढंग से दुरुपयोग किया गया जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश था, कि नीलामी के बाद एक हिस्सा राजकोष में जमा होना था। निगम कमिश्नर से ठेकेदार भी परेशान है। जो ठेकेदार उन्हें तय कमीशन देता है उसका भुगतान तत्काल कर दिया जाता है। इस मामले में निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने कोई बयान नहीं दिया है।

### अनुमति न मिलने पर भी मंगाया टेंडर

परिषद के इस निर्णय का प्रस्ताव शासन को अनुमति के लिए भेजा गया था। शासन से इसकी अनुमति नहीं मिलने के बाद भी आयुक्त भिलाई ने उपरोक्त भूमियों की नीलामी के लिए सार्वजनिक निविदा आमंत्रित कर दी। यह पूरी तरह से राज्य शासन, एम.आई.सी. एवं सामान्य सभा के अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिनियम में किसी भी भूमि को बेचे जाने का अधिकार ही नहीं है। पूर्व में भी नगर निगम आयुक्त द्वारा नियमों की अनदेखी कर लगातार नगर निगम के विकास कार्यों की निविदाओं में व्यक्तिगत लोगों को लाभ पहुंचाने निविदा निकाली गई है।

## प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित की

# छग के 24 लाख किसानों के खातों में पहुंचे 498.83 करोड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम की राजधानी गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त जारी की। इस दौरान देशभर के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में लगभग 18 हजार 650 करोड़ रुपये की राशि ▶▶| शेष पेज 5 पर

### राज्य सरकार की प्राथमिकता हैं किसान

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को अब तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 11 हजार 283 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार बनने के बाद सबसे पहले किसानों को बोनस राशि दी गई और 13 लाख किसानों ▶▶| शेष पेज 5 पर

# आज तीन घंटे नहीं होगी टिकट बुकिंग और पीएनआर पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*रेल यात्रियों के लिए अहम खबर*

रेल यात्रियों के लिए अहम खबर है। दिल्ली पीआरएस की कुछ सेवाएं दो दिनों के लिए प्रभावित रहेंगी। यह 14 और 15 मार्च 2026 की आधी रात से कुछ समय के लिए बंद रहेंगी। इस दौरान आप टिकट बुकिंग नहीं कर पाएंगे, टिकट कैंसिल नहीं कर पाएंगे, टिकट से जुड़ी पूछताछ नहीं कर सकेंगे, पीएनआर स्टेटस, करंट रिजर्वेशन और दिल्ली से शुरू होने वाली ट्रेनों की ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध नहीं होगी। 14-15 मार्च 2026 की रात दिल्ली पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम ▶▶| शेष पेज 5 पर



### क्या करती है यह सुविधा

यह सेवा यात्रियों को आरक्षित और अनारक्षित दोनों तरह के ट्रेन टिकट बुक करने की सुविधा देती है। इससे टिकट बुकिंग की पूरी प्रक्रिया आसान हो जाती है और यात्री पहले से अपनी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

### 3 घंटे रहेगी बंद सेवा

नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि दिल्ली पीआरएस सेवाएं करीब 3 घंटे के लिए बंद रहेंगी। यह बंदी सिस्टम की कार्यक्षमता और परफॉर्मेंस सुधारने के लिए की जा रही है। डाउनटाइम के दौरान 139 पीएनआर पूछताछ सेवा, ईडीआर (इलेक्ट्रॉनिक डाटा रिकॉर्ड), दिल्ली पीआरएस सेवाएं और ऑनलाइन टिकट बुकिंग या कैंसिलेशन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

## पीरियड्स में पेड लीव की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

# कानून बनाया तो खत्म हो जाएगा महिलाओं का कॅरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

■ अनिवार्य छुट्टी का आदेश देने से किया इंकार

सुप्रीम कोर्ट ने कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए मासिक धर्म की अनिवार्य छुट्टी का आदेश देने से इनकार कर दिया है। पीरियड्स में महिलाओं के लिए अनिवार्य अवकाश नियम बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए मामला निस्तारित कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला सरकार की नीति से जुड़ा है। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा कि इस तरह की याचिकाएं कई बार ऐसा माहौल बनाती हैं कि मानो महिलाएं कमजोर हैं और मासिक धर्म की वजह से उनके साथ कुछ गलत हो रहा है।



### नीति बनाने पर करे विचार

कोर्ट ने कहा कि देशभर में अनिवार्य मेन्स्ट्रुअल लीव लागू करना अदालत का काम नहीं है। न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा कि वह इस मुद्दे पर राज्यों और संबंधित पक्षों से चर्चा करके नीति बनाने पर विचार करे। कोर्ट ने चिंता जताई कि अगर इसे अनिवार्य कर दिया तो कंपनियां महिलाओं को नौकरी देने से बच सकती हैं।

### सरकार से सभी से चर्चा करके नीति बनाने कहा

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले ही अपनी मांग केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सामने रख चुके हैं। इसलिए इस मामले में सरकार को सभी पक्षों से बातचीत करके नीति बनाने पर विचार करना चाहिए। अदालत ने इस मुद्दे पर सीधे आदेश देने से इनकार कर दिया। जस्टिस बागची ने कहा कंपनी की जिम्मेदारी भी समझिए। सुनवाई के दौरान बेंच में शामिल जस्टिस बागची ने कहा कि ▶▶| शेष पेज 5 पर


### यह कहा याचिका में

याचिकाकर्ता ने केरल और निजी कंपनियों का उदाहरण दिया। याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट एम आर शमशाद ने कहा कि केरल में स्कूलों में इस तरह की छूट दी जा रही है और कुछ निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से मासिक धर्म के दौरान छुट्टी दे रही हैं। उन्होंने अदालत से कहा कि जैसे गर्भावस्था के दौरान अवकाश का प्रावधान है, वैसे ही मासिक धर्म के लिए भी छुट्टी का नियम बनाया जाना चाहिए और सभी राज्यों को ऐसा करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। कानून बनने पर महिलाओं के करियर पर असर पड़ सकता है।

चिंतन

# सदन की मर्यादा बनाए रखना सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी

संसद वह मंच है जहां देश के करोड़ों लोगों की आवाज उनके चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से उठाई जाती है। संसद केवल बहस और विरोध का स्थान नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मर्यादा, नियमों और जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि सदन में उपस्थित प्रत्येक सांसद अपने आचरण से संसद की गरिमा और मर्यादा को बनाए रखे। हाल ही में लोकसभा में गैस और ऊर्जा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया, उसने एक बार फिर इस सवाल को जन्म दिया है कि क्या हमारे जनप्रतिनिधि सदन की मर्यादा और संसदीय नियमों का पर्याप्त सम्मान कर रहे हैं। लोकसभा में हाल ही में कांग्रेस की ओर से तेल और गैस की स्थिति पर चर्चा के लिए नोटिस दिया गया था। यह एक महत्वपूर्ण विषय था, क्योंकि देश के कई हिस्सों में एलपीजी और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे मुद्दों पर गंभीर और तथ्यपरक चर्चा की अपेक्षा स्वाभाविक थी। हालांकि, चर्चा के दौरान घटनाक्रम कुछ अलग दिशा में मुड़ गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जब इस विषय पर अपनी बात रख रहे थे, तब उन्होंने एलपीजी और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे से हटकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से जुड़े कुछ आरोपों का उल्लेख किया। इन आरोपों में अंतरराष्ट्रीय व्यक्तियों के नामों का भी जिक्र किया गया, जिससे सदन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। सत्ता पक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और सदन में हंगामा शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिस विषय पर नोटिस दिया गया है, उसी विषय पर चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए उसे संसद की कार्यवाही से हटाने के निर्देश भी दिए। स्पीकर ने यह भी दोहराया कि सदन की कार्यवाही संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार ही चलेगी और बिना पूर्व नोटिस के किसी अन्य मुद्दे को उठाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। संसद में बहस का स्तर जितना गंभीर और तथ्यपूर्ण होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। यदि बहस मुद्दों से भटककर व्यक्तिगत आरोपों और राजनीतिक टकराव तक सीमित हो जाए तो इसका नुकसान लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। जनता अपने प्रतिनिधियों से उम्मीद करती है कि वे संसद में उनके मुद्दों को गंभीरता से उठाएं और समाधान की दिशा में सार्थक चर्चा करें। दरअसल, संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है। यही लोकतंत्र की खूबसूरती भी है, लेकिन इन मतभेदों को व्यक्त करने का तरीका भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। संसदीय लोकतंत्र में नियम, प्रक्रिया और मर्यादा केवल औपचारिकताएं नहीं हैं, बल्कि वे उस व्यवस्था की नींव हैं जो देश को लोकतांत्रिक रूप से संचालित करती है। आज जब देश अनेक आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब संसद से यह अपेक्षा और भी बढ़ जाती है कि वहां होने वाली बहसें गंभीर, सार्थक और समाधान की दिशा में हों। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि संसद केवल राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं है, बल्कि यह नीति निर्माण और लोकतांत्रिक जवाबदेही का केंद्र है। कुल मिलाकर यह सभी सांसदों की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे सदन की गरिमा, नियम और मर्यादा को बनाए रखें। वहीं विपक्ष भी अपने उठाए मुद्दों पर बहस से न भागे और संसद के नियमों का पालन करे।



जिरहनामा
कनक तिवारी

# कांग्रेस के इन्टेलेक्चुअल्स कहां गुम हैं?

नेहरू ने ही युवा समाजवादी डॉ. राममनोहर लोहिया को कांग्रेस में महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारियां देकर शामिल किया है। कांग्रेस का शुरुआती ऐसा ही सलूक जयप्रकाश, नरेन्द्र देव और अन्य समाजवादी नेताओं के साथ भी रहा। हालांकि बाद के वर्षों में कांग्रेस सोशलिस्टों ने पार्टी से छोड़ छुट्टी कर ली। तब नेहरू आग बबूला भी हो गए। नेहरू के ही प्रधानमंत्री काल में कांग्रेस की दरकती साख और सरकार की कई नाकामियों को देखकर कांग्रेस को चुस्त दुरुस्त करने कम्युनिस्टों से लगाव हुआ। यह क्रम इंदिरा गांधी ने भी जारी रखा। कृष्ण मेनन, केशव देव मालवीय, चंद्रजीत यादव, मोहन कुमार मंगलम और समाजवादी खेमे से अशोक मेहता, मोहन धारिया, चंद्रशेखर जैसे कई नेता कांग्रेस पार्टी में समय समय पर आवाजाही करते रहे।



भारतीय राजनीति फिलवक्त तेज घुमाव के मोड़ पर है। आखिरकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्पादित हिन्दुत्व की सबसे बड़ी प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी ने वोटों की अंकगणित में अच्छा खासा बहुमत हासिल कर रखा है। दूसरी ओर प्रतिपक्ष की कई अलग थलग पार्टियां हमकदम और एकराय होकर भी केन्द्रीय निजाम को कारगर चुनौती देने के नतीजे तक नहीं पहुंची हैं। तराजू के पलड़ों पर मेंढकों को जिस तरह तौला नहीं जा सकता, उसी तरह भारतीय लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियों को खुदगर्जी छोड़कर देश की एकता के लिए एकजुट नहीं किया जा सकता रहा है। सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस की अब अजीब हालत है। हालिया वर्षों में विरोधाभासों, गलतफहमियों, आत्ममुग्धता और बिखराव के कारण कांग्रेस का ग्राफ तेजी से नीचे की ओर जाता लगा था। उन पर आरोपित नौसिखियापन के बावजूद शायद अकेले राहुल गांधी गाफिल और भौंचक दिखती पार्टी में उद्दाम फूंकने की कोशिश तो करने लगे हैं। उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' राजनीतिक सफर में मील का पत्थर भी तो कही जाने लगी। पता नहीं मंजिल मिले, न मिले। दिक्कत यह है कि सबसे पुरानी, बुनियादी और पहले बुद्धिजीवी रही पार्टी गैर मुनासिब सियासी ढकोसलों में ज़्यादा फंसती रह गई है। उसके ज़्यादातर नेताओं को पार्टी की ऑडियोलॉजी तक ठीक से कार्यकर्ताओं को समझाने क्या खुद समझने की भी कूबत नहीं है। गांधी, नेहरू, मौलाना आज़ाद, राजगोपालाचारी, श्रीनिवास शास्त्री जैसे असाधारण ख्याति के तमाम आला दर्जे के बौद्धिक रहे। हालांकि शीराजा नेहरू युग के बाद बिखरता गया।

नेहरू ने ही युवा समाजवादी डॉ. राममनोहर लोहिया को कांग्रेस में महत्वपूर्ण पद और जिम्मेदारियां देकर शामिल किया है। कांग्रेस का शुरुआती ऐसा ही सलूक जयप्रकाश, नरेन्द्र देव और अन्य समाजवादी नेताओं के साथ भी रहा। हालांकि बाद के वर्षों में कांग्रेस सोशलिस्टों ने पार्टी से छोड़ छुट्टी कर ली। तब नेहरू आग बबूला भी हो गए। नेहरू के ही प्रधानमंत्री काल में कांग्रेस की दरकती साख और सरकार की कई नाकामियों को देखकर कांग्रेस को चुस्त दुरुस्त करने कम्युनिस्टों से लगाव हुआ। यह क्रम इंदिरा गांधी ने भी जारी रखा। कृष्ण मेनन, केशव देव मालवीय, चंद्रजीत यादव, मोहन कुमार मंगलम और समाजवादी खेमे से अशोक मेहता, मोहन धारिया, चंद्रशेखर जैसे कई नेता कांग्रेस पार्टी में समय समय पर आवाजाही करते रहे। इंदिरा गांधी के वक्त कई उद्योगों के राष्ट्रीयकरण तथा न्यायपालिका में हस्तक्षेप करने की राजनीतिक प्रक्रिया को लेकर वामपंथी रहे इस्पात मंत्री मोहन कुमार मंगलम ने संसद में पार्टी की नीतियों के समर्थन में सबसे शानदार पैरवी की।

फिर तो ज्यादातर कांग्रेसी बरसों से किताबों से बैर किए बैठे रहने लगे। भले ही गाल बजाते रहे कि हमारी सबसे बड़ी और बुनियादी बुद्धिजीवी पार्टी रही है। किताबें, बहस, मुबाहिसा, लेखन और वैचारिकता कमोबेश दाखिल दफ्तर होते रहे हैं। कांग्रेसियों को एक और बड़ी गलतफहमी है। वह यह कि संघ परिवार और भाजपा में स्तरीय बुद्धिजीवियों का टोटा है। समाजसेवक शासक या जमावडे. में काम चलाऊ किस्म के मझोले दरजे के कुछ बुद्धिजीवी भले हो सकते होंगे। कांग्रेसी नहीं देख पाते कि संघ परिवार में जो जितना आलिम फाजिल है, उस पर भरोसा कर उसे जिम्मेदारी के अनुपात में उतने काम सौंप दिए जाते हैं। वह धीरे धीरे प्रोन्नत और विकसित होता सशक्त भी होता चलता है। उसे इत्मीनान होता है कि पार्टी नेतृत्व उसके पीछे है।

कांग्रेस पार्टी में टांग घसीटो अभियान भी काफी वक्त से चल ही रहा है। यह लक्षण तो तकलीफदेह है। कई नेताओं को पार्टी की वैचारिकता, संविधान, इतिहास और किए गए आधे अधूरे वायदे और राष्ट्रीय अधिवेशनों के ऐलान तक मालूम नहीं होता। इधर भाजपा ने अपने पार्टी दफ्तरों को अधुनातन बना लिया है। तकनीकी सरंजाम मुहैया करने के साथ साथ पुस्तकालय और सूचना तंत्र भी विकसित किए हैं। लगता नहीं इसके मुकाबिले कांग्रेस दफ्तरों में किसी तरह पुस्तकालय और सूचना संस्कृति का बीजारोपण भी हो रहा है। एयर कंडीशन्ड हॉल में बैठकर मुट्ठी भर लोगों के सामने पाटी के जश्न और जलसे किए जाने से राजनीति में सफलता के दिन लद रहे हैं। अलबत्ता कांग्रेस में अभी भी कुछ बुद्धिजीवी शेष रह गए हैं। उनकी लेकिन कांग्रेस के मौजूदा सत्ता संकुल में कोई निर्णायक पूछ परख नहीं है।

कांग्रेस सम्मेलनों और सेमिनारों में बुद्धिजीवियों को तरजीह देना और उन्हें शामिल शरीक कर लक्ष्यभेदी आयोजन करने के बदले इंवेट मैनेजमेंट का मौसम उगा लिया जाता है। पार्टी की समझ को फिलवक्त फिर से वाम बुद्धिजीवी सरगनाओं को मानो लीज पर दिया जा रहा है। कांग्रेसी मंत्रियों की ऐसी फौज भी उग रही है जिसे पढ़ने लिखने से ही सरोकार नहीं रहा। पारम्परिक कांग्रेसी समझ के सयाने बुद्धिजीवियों की केन्द्रीय भूमिका से बेदखली, उपेक्षा और अपमान तक की साजिशें समझ के परे हैं। मंत्री और संगठन के शीर्ष पदाधिकारी मुंह लगे बाजार-सुलभ निठल्लों को किचन कैबिनेट में शामिल करते हैं। कार्यक्रमों के निमंत्रण पत्र कोई उठाकर देखे। चेहरों की सूची में प्रतिबद्ध कांग्रेसियों और बुद्धिजीवी परिवारों को बेदखल किया जाना साफ साफ दिखाई पडेग़ा।

पता नहीं क्यों कांग्रेस को अपने ऊपर खुद की गफलत से लगाई जा रही कीचड़ को सुखाने का न तो मौका मिल रहा है और न ही नीयत दिखाई दे रही है। दुखद है कि लोकतंत्र में अब मंत्री ही सर्वेसर्वा हो गए हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी पर भद्दा कमेन्ट करने वाले बुद्धिजीवी कहलाते मणिशंकर अय्यर हाशिए पर डाले जाने के बाद भी पार्टी का फिर नुकसान करते फिर रहे हैं। सत्ताविहीन छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान जैसे प्रदेशों में भी कांग्रेसियों में कारगर बुद्धिजीवी खोजना किसी खल्वाट में जुएं बीनने जैसा पराक्रम है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)।

स्वास्थ्य
मनीष कुमार चौधरी




# खानपान में मिलावट का घुलता धीमा जहर

दशकों पहले मुनाफे के लिए छोटी-मोटी छेड़छाड़ के रूप में शुरू हुआ मिलावट का खेल अब एक बेरहम खतरा बन गया है। एक धीमा जहर, जो हमारी रसोई और थालियों में घुल-मिल गया है। मिलावट, जिसे कभी एक अलग-थलग गलती माना जाता था, उसे अब मॉडर्न फूड सप्लाई चेन में एक प्रणालीगत कमजोरी के तौर पर पहचाना जा रहा है। खाने में मिलावट और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाना भारत में एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। मिलावटी भोजन की पहचान आमतौर पर तब तक नहीं हो पाती जब तक कि उससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा न दिखने लगे। मात्रा बढ़ाने के लिए मिलावट करने वाले पदार्थ मिलाना, ठोस पदार्थों की मात्रा बढ़ाने के लिए गाढ़ा करने वाले पदार्थ मिलाना, वसा, कार्बोहाइड्रेट या प्रोटीन की मात्रा की भरपाई करना, शेल्फ लाइफ बढ़ाना, सौंदर्यबोध बढ़ाना और इसे असली जैसा दिखाना...। ये कुछ तरीके इतने आम हो चले हैं कि रोजमर्रा की खरीदारी में गिनती में ही नहीं आते। कुछ खाद्य उत्पादक/व्यापारी अपने उत्पादों का बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन करते हैं। भ्रामक/झूठे विज्ञापनों के कारण उपभोक्ता के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थों का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाता है। खाने में मिलावट अब कभी-कभार होने वाली घटनाओं तक सीमित नहीं है। दूध, पनीर, मसाले, सब्जियां, अंडे, मीट, मछली और पैकेज्ड फूड, जिन्हें रोजाना लाखों लोग खाते हैं, अब आए दिन वैज्ञानिक जांच के दायरे में आ रहे हैं। सर्विलांस रिपोर्ट, फूड टेस्टिंग डेटा और रेगुलेटरी नतीजों से पता चलता है कि उत्पादन और वितरण के कई चरणों पर बार-बार गड़बड़ियां होती हैं। यह कई रूपों में होती हैं। जैसे मिलावट, प्रतिस्थापन, पैकेजिंग सामग्री में खराब गुणवत्ता को छिपाना, सड़े हुए खाद्य पदार्थों को बिक्री के लिए रखना, गलत ब्रांडिंग या झूठे लेबल लगाना और विषाक्त पदार्थों को मिलाना। खाद्य पदार्थों में मिलावट से कैंसर, यकृत रोग, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी और तंत्रिका तंत्र संबंधी कई बीमारियां होती हैं। इसलिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना स्वास्थ्य और ग्राहक संतुष्टि की रीढ़ है। खाद्य पदार्थों में मिलावट का बने रहना कोई संयोग नहीं है। यह आर्थिक लालच से प्रेरित है, सिस्टम की कमियों के कारण संभव होता है और उपभोक्ता की अज्ञानता व लापरवाही से कायम रहता है। अधिकांश खरीदारों को पता नहीं होता कि इसकी कहां-कैसे शिकायत करें। कानून की कमजोरियों और लचर सिस्टम का फायदा उठाकर कई कारोबारी इस मिलावट के खेल में शामिल रहते हैं। नियामक निकाय, कानूनों और एजेंसियों के बावजूद यह खतरा इसलिए जारी है, क्योंकि प्रवर्तन अधूरा है और अपराधी अक्सर बिना सजा के बच निकलते हैं। अब तो मिलावट के तरीके और भी ज्यादा परिष्कृत हो गए हैं। ऐसे रसायनों और रंगों का उपयोग किया जा रहा है जो असली भोजन की बनावट, रंग और स्वाद की नकल करते हैं, जिससे आम उपभोक्ता के लिए शुद्ध-अशुद्ध की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि भारत में, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने कई मानक तय किए हुए हैं। निरीक्षण भी होता है और जुर्माना भी लगता है। वैज्ञानिक और उन्नत प्रयोगशाला तकनीकें भी मौजूद हैं। परंतु नियमों को लागू करने के लिए अभी भी ज्यादा मैनपावर, बेहतर तालमेल और तेज व गतिशील कानूनी प्रक्रियाओं की जरूरत है। हाल ही में सरकार की ओर से खाद्य पदार्थों के लिए स्टार रेटिंग की प्रक्रिया पर और सुधार की जरूरत बताई गई है। एक शपथ पत्र में, एफएसएसएआई ने 'फ्रंट ऑफ पैक न्यूट्रिशन लेबलिंग' के लिए एक मैकेनिज्म को फाइनल करने से पहले ड्राफ्ट रेगुलेशन को वापस लेने और आगे शोध करने का प्रस्ताव दिया है। इंडस्ट्री चाहती है कि लेबलिंग प्रोडक्ट पर छपने तक ही सीमित न रहे। हमें यह बताकर वैल्यू ऐड करनी होगी कि यह अच्छी है, बुरी है या कोई फर्क नहीं पड़ता। हालांकि एफएसएसएआई के 2022 के नियमों में प्रस्तावित स्टार-बेस्ड सिस्टम सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन कम से कम यह एक ऐसा सिस्टम बनाने की शुरुआत थी, जहां ग्राहक पैकेज्ड खाद्य उत्पादों को खरीदने से पहले सोच-समझकर फैसला ले सकें। हर मिलावटी चीज न सिर्फ भरोसे का धोखा है बल्कि इंसानी सेहत पर सीधा हमला है, जो पोषण को खतरा बना देता है। कड़वी सच्चाई यह है कि कई 'भरोसेमंद' ब्रांड भी मिलावट से अछूते नहीं हैं। आम उपभोक्ता अक्सर इस खतरे के सामने खुद को शक्तिहीन महसूस करते हैं। खाने में मिलावट चुपचाप पनपती है और यह तभी खत्म होंगी जब सरकारें कड़े कदम उठाएंगी, उद्योग नियमों का पालन करेंगे और उपभोक्ता समझौता करने से इनकार करेंगे। शुद्धता कोई विलासिता नहीं है, यह एक अधिकार है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य, तप, दया और पवित्रता



संकलित
दर्शन

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं? आपके लिए मैंने लक्ष्मी, दान आदि सबका त्याग किया है। मैं आपको नहीं जाने दूंगा। आपके जाने पर मेरा सब कुछ चला जाएगा।' यह सुनकर सत्य वहीं रह गया। सत्य घर में से बाहर नहीं आया, अतएव गई हुई लक्ष्मी, दान, सदाचार और यश भी वापस आ गए। सत्य ही सर्वस्व है।

# चेतन अमल सहज सुख रासी



संकलित
प्रेरणा

वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। वस्तु, व्यक्ति और क्रिया- ये तीन चीजें दिखने में आती हैं। इनमें वस्तु तथा क्रिया- ये दोनों प्रकृति हैं और व्यक्ति रूप में जो दिखता है, यह शरीर भी प्रकृति ही है, परंतु इसके भीतर में जो न बदलने वाला है, यह परमात्मा का अंश है। अब अगर 'यह' वस्तु, क्रिया और व्यक्ति में नहीं उलझे, तो यह स्वाभाविक ही मुक्त है; क्योंकि 'यह' परमात्मा का साक्षात अंश है। इसके लिए कहा है- 'चेतन अमल सहज सुख रासी।' यह चेतन है, शुद्ध है, मलरहित है और सहज सुख राशि है, महान आनंद राशि है। यह महान आनंद राशि अपने स्वरूप की तरफ ध्यान न देकर संसार के संबंध से सुख चाहने लग गया। इससे यही भूल हुई है। यह संयोग जन्य सुख में फंस गया। जैसे, धन मिले, तो सुख हो। भोजन मिले, तो सुख हो। भोग मिले, तो सुख हो। कपड़ा, वस्तु, आदर, मान, सत्कार मिले, तो सुख हो। यह बड़े आश्चर्य की बात है कि स्वयं नित्य निरंतर रहने वाला है- 'सहज सुख रासी' स्वाभाविक ही सुख राशि है, परंतु इसमें यह वहम पड़ गया है कि संसार के पदार्थ मिलने से सुख होगा। यह बिछुड़ेगा जरूर ही 'संयोगा विप्रयोगान्ताः' जितने संयोग होते हैं, उनका अंत में वियोग होता है, तो संबंध से होने वाला सुख रहेगा कैसे? मनुष्य यह विचार नहीं करता है कि आज दिन तक संयोग से जितने सुख लिए थे, वे आज नहीं रहे।

## दशामाता व्रत



राजस्थान के बेवार में दशामाता व्रत के दौरान पूजन-अर्चन करती महिलाएं।

## आज की पाती

### बदलता मौसम और अनिश्चित भविष्य

फरवरी का महीना कभी सर्द हवाओं, हल्की धूप और पहाड़ों पर जमी बर्फ के लिए जाना जाता था, लेकिन इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग है। उत्तर भारत से लेकर मध्य भारत तक तापमान सामान्य से कई डिग्री ऊपर चल रहा है। कश्मीर घाटी, जिसे बर्फ और ठंड की धरती माना जाता है, वहां अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह फरवरी के इतिहास में असामान्य माना जा रहा है। 24 फरवरी 2016 को 20.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था, लेकिन इस वर्ष उससे भी अधिक गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। श्रीनगर के मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डा. मुख्तार अहमद के अनुसार इस बार कोई मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय नहीं हुआ, जिससे सामान्य शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी नहीं हो सकी। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि वायुमंडलीय असंतुलन का संकेत है। **-परेश कौशिक**

## करंट अफेयर

# भारत होर्मुज से अपने व्यापारिक जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए ईरान के संपर्क में


भारत होर्मुज जलडमरूमध्य के रणनीतिक जहाजरानी मार्ग से भारतीय ध्वज वाले लगभग 28 व्यापारिक जहाजों के लिए सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने को लेकर ईरान के साथ संपर्क में है। अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष के बीच ईरान ने इस मार्ग को आंशिक रूप से अवरुद्ध कर दिया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ईरानी समकक्ष के बीच हुई बातचीत के दौरान जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दे उठे थे। पता चला है कि ईरान ने पिछले चार-पांच दिन में भारतीय ध्वज वाले किसी भी वाणिज्यिक टैंकर को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति नहीं दी है। पोत परिवहन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में भारतीय ध्वज वाले कुल 24 जहाज 677 भारतीय नाविकों के साथ मौजूद हैं, जबकि रणनीतिक जलमार्ग के पूर्व में 101 भारतीय नाविकों वाले चार जहाज तैनात हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा, ' 'हाल के दिनों में विदेश मंत्री और ईरान के विदेश मंत्री के बीच तीन बार बातचीत हुई है। आखिरी वार्ता में जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई। इससे आगे कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।



## ऑफ बीट

# भगवान नृसिंह की छवि के रूप में स्थापित मां प्रत्यंगिरा देवी

उज्जैन में मां भगवती के ऐसे अद्भुत रूप की पूजा होती है, जो दिखने में भगवान नृसिंह की छवि लगती है। खास बात यह है कि मंदिर में मौजूद मां, असुर रावण की कुलदेवी हैं। उज्जैन में यह मंदिर भैरवगढ़ रोड स्थित बगलामुखी धाम के नजदीक ही है। मां प्रत्यंगिरा देवी का रूप मां के बाकी अवतारों से अलग और क्रोध को दिखाने वाला है। मां का चेहरा सिंह के जैसा है और बाकी का शरीर देवी के समान है। मां का ये प्रतिरूप सिंह की गर्जना की तरह दिखता है। पौराणिक कथा की मानें तो जब परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने भगवान नृसिंह का रूप लिया था, तब हिरण्यकश्यप के वध के बाद भी उनका क्रोध शांत नहीं हुआ था। भगवान नृसिंह के क्रोध की वजह से देवता और असुर दोनों घबरा गए थे। तब सभी देवताओं के आह्वान के बाद मां प्रत्यंगिरा प्रकट हुई, जिन्होंने भगवान नृसिंह को शांत करवाया था। रावण की कुलदेवी हैं निकुंबला- खास बात ये है कि प्रत्यंगिरा देवी को निकुंबला देवी का ही रूप माना जाता है, जिनकी पूजा रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने की थी। रामायण में मां निकुंबला देवी का जिक्र भी है कि कैसे युद्ध पर जाने से पहले रावण और उसके पुत्र मेघनाद ने विजय पाने के लिए मां के विशेष अनुष्ठान किए थे।



## ट्रेंड

### डीजल-पेट्रोल की कमी नहीं



उत्तर प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। रसोई गैस की कमी से संबंधित अफवाहों से बचें। यदि कोई वितरक एजेंसी अथवा निजी व्यक्ति कालाबाजारी या जमाखोरी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### आधुनिक वाहन



झारखंड राज्य की कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज झारखंड पुलिस के हजारों आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही नए थानों की आधारशिला रखी तथा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया।
**- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड**

### विकास बोर्डों का गठन



हमारी सरकार मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा, डोम (अनुसूचित जाति), कुंभकार और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए शीघ्र ही पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने जा रही है। ये समुदाय बंगाल की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। इन सभी को बधाई।
**-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### विपक्ष के पास एजेंडा नहीं



विपक्ष के पास रचनात्मक कार्य करने का कोई एजेंडा नहीं बचा है। उनका एकमात्र उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना है। वे न तो सकारात्मक सोच रखते हैं, न ही देशहित में कोई सार्थक योगदान देना चाहते हैं।
**-अरुण गोविल, सांसद, भाजपा**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
गौधाम योजना शुभारंभ समारोह
एवं
पशुपालक सम्मेलन
14 मार्च 2026
दोपहर 2:00 बजे
गौधाम लाखासार एवं
गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय
प्रेक्षागार, बिलासपुर (छ.ग.)
वर्चुअल मोड में
राज्य के समस्त जिलों में शुभारंभ
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
निराश्रित, घुमन्तू तथा जब्त किए गए गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन
₹05 लाख
प्रति वर्ष अधोसंरचना निर्माण/मरम्मत के लिए
₹47 हजार-2.85 लाख
प्रति वर्ष (1-5 एकड़) चारा विकास के लिए
₹13,126
प्रति माह गौ सेवकों को मानदेय
₹10,916
प्रति माह चरवाहों को मानदेय
अनुदान
पोषण आहार
प्रथम वर्ष ₹10 प्रतिदिन/पशु
द्वितीय वर्ष ₹20 प्रतिदिन/पशु
तृतीय वर्ष ₹30 प्रतिदिन/पशु
चतुर्थ वर्ष ₹35 प्रतिदिन/पशु
संरक्षण भी, संवर्धन भी
गौवंश के लिए समर्पित
साय सरकार
संचालन हेतु पात्र संस्थाएं –
छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग में पंजीकृत संचालित गौशाला की समिति,
स्वयंसेवी संस्था, एन.जी.ओ. (गैर-सरकारी संगठन), ट्रस्ट तथा फार्मर प्रोड्यूसर
कंपनी एवं सहकारी समिति
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 10851/न.पा.नि./2026 रायगढ़ दिनॉंक 13/03/26

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 187126 | CONSTRACTION OF SAMUDAYIK BHAVAN FOR RAIGARH PRESS CLUB AT RAIGARH W.N. 27 (4th Call) | 30.00 | 24.03.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**न.पा.नि., रायगढ़**

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 186967 / निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2025-26

दि. 12.03.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 02.04.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम – बीजापुर जिले के विकासखंड भैरमगढ़ के फरसेगढ़ स्टापडेम का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत** – रू. 218.78 लाख (जी.एस.टी. छोड़कर)

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025))

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 19.03.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा जारी निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र जिसकी वैधता दिनांक 30.09.2026 तक है, वह लागू होगी।


कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बीजापुर
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर, छ.ग.

G-252607172/5

# खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई



एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी। 8 मई, 2026 को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा



**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई।

## छ.ग. शासन वनविभाग बिलासपुर, वनमंडल बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमण्डल बिलासपुर के अधीनस्थ काष्ठागार कोटा बिलासपुर में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ,) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्शन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय बिलासपुर अथवा काष्ठागार कोटा डिपो से प्राप्त कर सकते है।

**डिपो का नाम :- विक्रय काष्ठागार कोटा**
**नीलाम दिनांक :- 23/03/2026**
**समय :- 9.00 बजे प्रातः से**

**वनोंपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है :-**

| क्रं. | प्रजाति | नया | | | पुराना | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | लट्ठा | बल्ली/खूंटा | जलाऊ | व्यापारी/औ.बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो.टन |
| 1 | सागौन | 90.720 | 2117 | - | 305.513 | 5944 | - | - | - |
| 2 | साल | 27.315 | 61 | - | 134.992 | 192 | - | - | - |
| 3 | बीजा, तिंसा, शीशम | 16.957 | 43 | - | 32.623 | 51 | - | - | - |
| 4 | साजा | 28.254 | 38 | - | 59.854 | 284 | - | - | - |
| 5 | अर्जुन | 11.542 | - | - | - | - | - | - | - |
| 6 | हल्दू / मुड़ी | 26.390 | 61 | - | 241.144 | 32 | - | - | - |
| 7 | खम्हार | 0.197 | - | - | 29.761 | 504 | - | - | - |
| 8 | धावड़ा | 26.586 | 86 | | 94.716 | 172 | - | - | - |
| 9 | सलई | - | - | - | 1.923 | - | - | - | - |
| 10 | अन्य | 29.895 | 41 | - | 327.451 | 4422 | - | - | - |
| 11 | जलाऊ | - | - | 65 | - | - | 519.5 | - | - |
| 12 | व्या. बांस | - | - | - | - | - | - | 1691 | 3.561 |
| 13 | निरस्त लॉट | - | - | - | 4.599 | - | - | - | - |
| | **योग** | **257.856** | **2447** | **65** | **1232.576** | **11601** | **519.5** | **1691** | **3.561** |

**टीपः**- (1) क्रेता को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-ऑक्शन पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई- ऑक्शन पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है।
(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय पश्चात प्रथम क्रेता को 30 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 30 सेकेण्ड के पूर्व क्रय करने पर 20 सेकेण्ड का समय प्राप्त होगा।

**वन मंडलाधिकारी**
**बिलासपुर वन मंडल बिलासपुर (छ.ग.)**

**G-252607179/4**

# सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा



मुंबई। अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म के टीजर में शाहरुख खान एक्शन अंदाज में नजर आए थे। अभिषेक बच्चन के पास एक और फिल्म है, जिसे रितेश देशमुख ने निर्देशित किया है। फिल्म का नाम 'राजा शिवाजी' है। यह एक ऐतिहासिक फिल्म है जो छत्रपति शिवाजी महाराजा पर होगी। अभिषेक बच्चन की पिछली फिल्म 'कालीधर लापता' थी, यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म थी।

## तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद कृति-रश्मिका की मूवी



मुंबई। दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6 भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी।

## मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई




मुंबई। रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**ऑफिस/फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- जेल रोड, रायपुर में ऑफिस/फील्ड कार्यों के लिए ऑफिस स्टाफ (चपरासी) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट व शराब-गुटखा आदि का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें। **संपर्क:** 8839812454. (आरो-7247)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- चायपत्ति के पैकिंग कार्य लड़की व महिला और पुरूष, लड़को की जरूरत है **पता - जैन ट्रेडर्स नियर** SBI ATM आकृति विहार **अमलीडीह संपर्क करें मों.-** 74699-80000, 0771-4075490. (आरो-6698)

**लॉन्ड्री कार्य**

आवश्यकता है- लॉन्ड्री शॉप के लिए कपड़े इस्त्री करने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करें:** 9993003346. (आरो-6601)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**फार्म/कंस्ट्रक्शन कार्य**

आवश्यकता है- फार्म एवं कंस्ट्रक्शन कार्य हेतु महिला एवं पुरुष कर्मी की आवश्यकता है। विकलांग भी आवेदन कर सकते हैं। **कृषि फार्म नया रायपुर एवं कंस्ट्रक्शन कार्य तेलीबांधा रायपुर में है दोनों जगह रहने की सुविधा है। संपर्क करें-** 9826415569. (आरो-6695)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- गोगांव, गोदवारा, तेलीबांधा वी. आई. पी. चौक, कटोरा तालाब, चंदनडीह टाटीबंध हेतु सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड एवं सफाई कर्मचारी की अतिशीघ्र आवश्यकता है कृपया जरूरतमंद ही संपर्क करें **संपर्क नंबर:-** 9981144486. (आरो-6605)

**अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- एक अकाउंटेंट जिस कंप्यूटर का ज्ञान हो फ्रेशर, अनुभवी ,पार्टटाइम एवं एक मेहनती लड़के की जो पैकिंग कार्य कर सके MIG/117 **हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान के पास भिलाई** 9200544505. (आरो-235)

**दुकान कार्य/ड्राइवर**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान में कार्य करने लड़के /लड़कियों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार **गुरुनानक इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर गुरुद्वारा रोड श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर** 9893332145. (आरो-173)

आवश्यकता है- डिस्पोजल दुकान में काम करने हेतु मेहनती लड़को एवं ई-रिक्शा चालक की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क- रूबी प्लास्टिक, बंजारी मंदिर के सामने, बंजारी चौक, गोलबाजार, रायपुर, मो.** 9977220005, 8827300000 (आरो-060)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**गोदाम कार्य/ड्राइवर**

आवश्यकता है- सैनिटरी गोदाम में काम करने के लिए एक लड़के ओर एक ड्राइवर की जरूरत है **पचपेड़ी नाका रायपुर संपर्क -** 99777-77703. (आरो-171)

**पेट्रोल पमपकर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में काम करने लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार, बायोडाटा सहित **संपर्क करें:-** 9826111220. (आरो-403)

**सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- प्लांट सुपरवाइजर (2 वर्ष का अनुभव) की आवश्यकता है। **कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी, रायपुर मो नं.** 9425202114. (आरो-0357)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- माना बस्ती रायपुर स्थित पेट्रोल पम्प मे अशोक लिलैंड लाईट कमर्शियल व्हीकल (टेंकर) चलाने के लिए ड्राइवर और पेट्रोल पम्प के लिए स्टाफ की आवश्यकता है **संपर्क करें** 9329798983, 9755098983. (आरो-827)

आवश्यकता है- इंसुलेटेड कंटेनर परिवहन के लिए हमें वैध भारी वाहन लाइसेंस वाले कुशल और अनुभवी चालकों की लंबी दूरी तक वाहन चलाने की क्षमता, साफ ड्राइविंग रिकॉर्ड आकर्षक वेतन, शुरुआती 17,000/माह (अनुभव के आधार पर बातचीत योग्य), आवास और भोजन भत्ता ! **संपर्क:** 6265222373, 9754861172 (आरो-830)

**खाना मिस्त्री/हेल्पर**

आवश्यकता है- फैक्ट्री कैन्टीन में खाना मिस्त्री, किचन हेल्पर, रोटी मिस्त्री, खाना देने के लिए एवं बर्तन धोने हेतु आदमियों की आवश्यकता है **पता- बिलासपुर (छ.ग.) सम्पर्क करें-** 9993334937, 8871824812 (आरो-40173)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए मेहनती एवं व्यवहारिक लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, **संपर्क करें – पूजा साड़ी हाउस, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट, पंडरी, रायपुर।** (आरो-512)

आवश्यकता है- प्लास्टिक के थोक दुकान में कार्य करने हेतु लड़को एंव लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपार्क समय 12 से 6 **प्रकाश मार्केटिंग डॉक्टर मटरेजा गली नयापारा रायपुर** 9826113735. (आरो-170)

आवश्यकता है- किताब दुकान में कार्य हेतु परमानेंट पार्ट/ फूल टाइम युवक युवतियों, लड़कों (8वीं, 12वीं, स्नातक) की आवश्यकता है ।वेतन पांच अंको में योग्यतानुसार। **जैन बुक डिपो, सदर बाजार, रायपुर।** 8109535868. (RO-398)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन **संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल:-** 9329103178. (आरो-827)

**गोडाउन कार्य**

आवश्यकता है- कुक्कुट आहार एवं दवाई की गोडाउन में काम करने हेतु युवक / युवतियों की आवश्यकता है। **संपर्क, मोबाइल,** 9301650004, 9826140005. (आरो-6688)

**इलेक्ट्रीशियन/मेकेनिक**

आवश्यकता है- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, **सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर** 6232429364 (आरो-40095)

**देख-रेख/सफाई कर्मी**

आवश्यकता है- सिविल लाइंस, रायपुर में 2 पालतू कुत्तों की देख रेख, घर की सफाई के लिए केवल महिला स्टाफ की जरूरत. मासिक वेतन 10,000 महीना, रहने और खाने की सुविधा है. **संपर्क:** 99934 42479. (आरो-061)

**रसोइया कुक**

आवश्यकता है- प्रशिक्षित /अनुभवी रसोइया उम्मीदवार के पास खाना पकाने का सिद्ध कौशल, बड़े पैमाने पर भोजन तैयार करने की क्षमता और स्वच्छता मानकों को बनाए रखने का ज्ञान होना चाहिए। **एमएम हैचरीज़, रामपुर (करही बाज़ार के पास), बलोदाबाज़ार। संपर्क:** 9754861172 / 9669410004. (आरो- 830)

**सिक्योरिटी गार्ड**

आवश्यकता है- प्रतिष्ठित सुरक्षा एजेंसी हेतु तत्काल सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है आयु 18–45 वर्ष। 14,000 प्रतिमाह **संपर्क:-** Target Security Service **ऑफिस:-** 5/9, Priyadarshini Parisar East, G.E. Road, Supela, Bhilai: 9399646319, 7470845654. (आरो नं.-234)

**दुकान कार्य/हमाल**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु स्टाफ एवं हम्माल की आवश्यकता है। सैलरी 10000-12000, हम्माल की सैलरी 15000। दुकान के काम के लिए ड्राइवर सहित ई-रिक्शा चाहिए। **बजाज एंटरप्राइजेज, स्टेशन रोड।** 8109799778, 9425843865. (RO-175)

**मशीन ऑपरेटर**

आवश्यकता है- 13×19 की ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन चलाने के लिये मशीन मैन की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन **सम्पर्क करें** - 9827167997, 8319819011. (आरो-40211)

**नर्स/टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- मेडिकल स्टोर्स के लिए अनुभवी लड़का, PRO, नर्स (GNM, ANM), OT Technician, TPA मैनेजर। **कैलाश कान्ता हॉस्पिटल, जोरा रायपुर।** 9300734153, 07712994153 **मिलने का समय दोपहर 12:00 से 2:00** (RO-176)

**आफिस स्टॉफ**

आवश्यकता है- स्टाफ की आवश्यकता Milestone Healthcare Amlidih, Raipur Office Work के लिए Full Time Boys & Girls दोनों के लिए Salary Full Time (10 घंटे 6,500 / 7000 Milestone Healthcare, Madhav Empire, Near P1 GYM Amlidih 8749003625. (आरो-4084)

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए।. आयु 18से 30 बर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क करें-,** 8085189675, 8962000161 (आरो-502)

**मार्केटिंग**

आवश्यकता है- मसूढ़े, पायरिया, ओरल कैन्सर, टूटे जबड़ों के ईलाज हेतु संचालित क्लीनिक और हॉस्पिटल को एक मेडिकल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव रायपुर के आसपास के क्षेत्रों में एवं घूमकर डॉक्टर्स/ हास्पिटलों में मिल सके बाइक अनिवार्य, मेडिकल मार्केटिंग अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा 9300416538. **पर भेजें।** (आरो-40207)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - रायपुरा वृंदावन कॉलोनी के पास आवासीय 800 वर्गफीट एवं 1000 वर्गफीट पूर्व पश्चिम दिशा का प्लाट बेचना हैं। **सम्पर्क करें- पारस कंसट्रक्शन, मो.** 9827192035, 9204936794. (आरो-057)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) **संपर्क:-** 7489545029 (आरो-1346)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## बिजनेस साइट

### एलन रायपुर का छात्र आरूल आईएनपीएचओ के दूसरे चरण के लिए चयनित



**रायपुर।** जेईई-नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले साइंस ओलंपियाड में भी एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। वर्ष 2026 के लिए घोषित इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड (आईएनपीएचओ) के परिणामों में एलन रायपुर के कक्षा 10 के क्लासरूम छात्र आरूल वर्मा का चयन दूसरे चरण के लिए हुआ है।

एलन रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष एलन के कुल 114 विद्यार्थियों का चयन ओरिएंटेशन कम सेलेक्शन कैंप (ओसीएससी) के लिए हुआ है, जबकि देशभर से कुल 277 छात्रों ने इस चरण के लिए जगह बनाई है। इस प्रकार चयनित प्रत्येक तीन विद्यार्थियों में से एक छात्र एलन से है। सब्जेक्टवाइज परिणामों में इंडियन नेशनल फिजिक्स ओलंपियाड (आईएनपीएचओ) में एलन के 20 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इंडियन नेशनल ओलंपियाड का आयोजन होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई), भारत सरकार द्वारा किया जाता है। यह परीक्षा अंतरराष्ट्रीय साइंस व मैथ्स ओलंपियाड की चयन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण है।

### अविनाश ग्रुप के नए प्रकृति-आधारित आवासीय प्रोजेक्ट 'अविनाश उपवन' का शुभारंभ आज

**रायपुर।** प्रदेश की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी अविनाश ग्रुप अपने नए प्रकृति-आधारित आवासीय प्रोजेक्ट 'अविनाश उपवन' का भव्य शुभारंभ करने जा रही है। यह लॉन्च कार्यक्रम 14 और 15 मार्च 2026 को नया रायपुर के सेक्टर-10 में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। करीब 75 एकड़ में विकसित होने जा रहा यह प्रोजेक्ट हरियाली, जल तत्वों और खुले प्राकृतिक वातावरण से भरपूर एक अनूठा इको-लिविंग अनुभव प्रदान करेगा। कंपनी के अनुसार परियोजना का उद्देश्य आधुनिक जीवनशैली और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करते हुए निवासियों को शांत, स्वस्थ और सुकूनभरा वातावरण उपलब्ध कराना है। 'वेन द फॉरेस्ट कॉल्स, द सिटी आन्सर्स' थीम पर आधारित यह प्रोजेक्ट प्रकृति के करीब रहने की एक नई सोच को दर्शाता है।

avinash Upwan

परियोजना में हरित क्षेत्र, खुले स्थान और प्राकृतिक परिवेश को विशेष रूप से शामिल किया गया है, जिससे यहां रहने निवास करने वालों को प्रकृति के बीच आधुनिक जीवनशैली का अनुभव मिल सके। परियोजना में विभिन्न प्रकार के आधुनिक आवास विकल्प उपलब्ध होंगे। इनमें गार्डन विला, कंट्री विला, स्टूडियो अपार्टमेंट्स तथा 2 और 3 बीएचके अपार्टमेंट्स शामिल हैं।

### रायपुर में टीजेएसबी सहकारी बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन, मुख्यमंत्री साय ने किया शुभारंभ



**रायपुर।** देश के प्रमुख सहकारी बैंकों में शामिल टीजेएसबी सहकारी बैंक लिमिटेड ने राजधानी रायपुर के कटोरा तालाब में अपनी पहली शाखा का शुभारंभ शुक्रवार को किया। नई शाखा का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में पद्मश्री डॉ. बुधरी ताती और पद्मश्री सुनीता रामचंद्र गोडबोले की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में टीजेएसबी सहकारी बैंक का विस्तार राज्य की आर्थिक क्षमता पर वित्तीय संस्थानों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के साथ स्थानीय व्यवसायों और उद्यमियों को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। टीजेएसबी सहकारी बैंक के अध्यक्ष शरद गांगल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहली शाखा का उद्घाटन बैंक के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच दशकों में बैंक ने भरोसे, उत्कृष्ट सेवा और ग्राहकों के साथ मजबूत संबंधों के आधार पर अपनी पहचान बनाई है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल आरेकर ने कहा कि रायपुर मध्य भारत का तेजी से विकसित हो रहा आर्थिक केंद्र है और यहां बैंक की उपस्थिति नए भौगोलिक क्षेत्रों में विस्तार तथा ग्राहकों को विश्वसनीय और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### द मिसिंग हाफ:विकसित भारत के लिए महिलाओं को लाना होगा पेड वर्क में

**रायपुर।** भारत में बच्चों के जन्म लेने की दर (फर्टिलिटी) कम हो रही है, जिसका मतलब है कि देश की आबादी तेजी से बुढ़ापे की ओर बढ़ रही है। ऐक्सिस बैंक की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास अमीर बनने के लिए अब बहुत कम समय बचा है। अगर हमें देश को बूढ़ा होने से पहले आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है, तो ज्यादा से ज़्यादा महिलाओं का अच्छी नौकरियों और प्रोफेशनल काम से जुड़ना बहुत जरूरी है।

द मिसिंग हाफः वुमेन एंड इंडिया'ज़ ग्रोथ चैलेंज" नामक इस रिपोर्ट में वैश्विक प्रमाणों, भारतीय डेटा के गहन विश्लेषण और 42 भारतीय शहरों में लगभग 11,000 कॉलेज-शिक्षित महिलाओं के प्रॉपरायटरी सर्वे पर आधारित है। रिपोर्ट का तर्क है कि 2050 तक 'विकसित भारत' का सपना हासिल करने के लिए आवश्यक लगभग 7 प्रतिशत की विकास दर को 25 वर्षों तक बनाए रखने के लिए, कुल श्रमिक भागीदारी (वेतनभोगी कार्य में) को वर्तमान लगभग 47% से बढ़ाकर करीब 60% करना होगा। इस लक्ष्य को हासिल करने में महिलाओं की वेतनभोगी कार्य (पेड़ वर्क) में भागीदारी बेहद निर्णायक होगी।

## विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और रुपए में गिरावट से बाजार में मंदी का रुख

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भारी गिरावट, निवेशकों के 5 लाख करोड़ डूबे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

शुरुआती कारोबार में भारी बिकवाली के चलते बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटल से करीब 5.6 लाख करोड़ रुपए कम हो गया और निवेशकों की रकम डूब गई। बीएसई का मार्केट कैप डेटा देखें, तो ये गुरुवार को मार्केट ओपनिंग के साथ सेंसेक्स टूटने से गिरकर 436.27 लाख करोड़ रह गया, जबकि पिछले सेशन में यह 441.90 लाख करोड़ रुपए था।

पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण शेयर बाजार के मानक सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को भारी गिरावट हुई। वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की निरंतर निकासी और रुपए की कमजोरी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।

### बाज़ार में गिरावट के कारण

ईरान पर दो तेल टैंकरों पर हमले का आरोप लगने के बाद, कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं—विशेष रूप से, होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाली आपूर्ति में संभावित रुकावटों का डर है। नतीजतन, ब्रेंट क्रूड की कीमतें गुरुवार को लगभग 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं, और शुक्रवार को वे 100.5 डॉलर के स्तर के आसपास बनी रहीं। चूंकि भारत अपनी तेल की ज़रूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है, इसलिए कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से आयात बिल बढ़ जाता है, महंगाई बढ़ती है, और कंपनियों के ऑपरेशनल खर्च भी बढ़ जाते हैं—ये ऐसे कारक हैं, जो आखिरकार शेयर बाजार पर असर डालते हैं।



### वैश्विक बाजारों से कमजोर संकेत


पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के शेयर बाज़ार दबाव में हैं। एशिया में, कोस्पी, निक्केई 225, एसएसई समग्र सूचकांक और हैंग सेंग जैसे सूचकांक नुकसान के साथ कारोबार कर रहे हैं। अमेरिका के बाज़ार भी कमज़ोर रहे। डॉव जोन्स 700 से ज़्यादा अंक गिरकर इस साल पहली बार 47,000 के स्तर से नीचे बंद हुआ। इस बीच, एसएडपी 500 और नैस्डैक कम्पोजिट में भी भारी गिरावट दर्ज की गई।

### रुपया 5 पैसे गिरकर 92.30 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने के बीच रुपया शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 5 पैसे कमजोर होकर 92.30 प्रति डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर के मजबूत रुख, विदेशी पूंजी की बाजार से धनिकासी और घरेलू शेयरों की भारी बिकवाली से रुपये पर भारी दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.33 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.47 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

## पैसेंजर व्हीकल्स की थोक बिक्री में उछाल, 10.6 प्रतिशत की बढ़त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 10.6 प्रतिशत बढ़कर 4,17,705 इकाई हो गई। इस दौरान बाजार में सकारात्मक भावनाएं जारी रहीं लेकिन पश्चिम एशिया में युद्ध चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि इससे विनिर्माण एवं निर्यात प्रभावित हो सकते हैं।

उद्योग संगठन सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,77,689 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, फरवरी में यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि की मुख्य वजह यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग रही। इनकी बिक्री 13.5 प्रतिशत बढ़कर 2,36,957 इकाई रही जबकि पिछले फरवरी 2025 में यह 2,08,795 इकाई थी। यात्री कारों की बिक्री 3.8 प्रतिशत घटकर 1,06,799 इकाई रह गई, जो एक वर्ष पहले इसी अवधि में 1,10,966 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की थोक बिक्री 1.1 प्रतिशत बढ़कर 11,620 इकाई रही।= जबकि फरवरी 2025 में यह 11,493 इकाई थी। सियाम के अनुसार, फरवरी में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 35.2 प्रतिशत बढ़कर 18,71,406 इकाई हो गई जबकि फरवरी 2025 में यह 13,84,605 इकाई थी।

### न्यायालय नायब तहसीलदार महासमुन्द, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

रा.मा.क्र.02509120100003 अ-59वर्ष 2024-2025
ग्राम खरोरा प.ह.नं. 36, रा.नि.म. - बरोण्डाबाजार
तहसील व जिला-महासमुन्द

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी खरोरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के अर्धशासकीय पत्र क्रमांक/11/45/ड्रग्स/2024/7223 अटल नगर, नवा रायपुर दिनांक 16.12.2024 अनुसार नियंत्र, खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला कार्यालयों में पर्याप्त बैठक व्यवस्था, कार्यालयीन अभिलेखो की संधारण, औषधि / खाद्य नमूनों की संधारण एवं जप्त की गई खाद्य एवं औषधि समाग्रियों की भंडारण व्यवस्था हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला कार्यालय भवन के निर्माण हेतु ग्राम खरोरा प.ह.नं. 36 स्थित भूमि खसरा नंबर 1627 का भाग रकबा 5000 वर्गफीट भूमि आबंटित किये जाने हेतु माननीय कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो इस कार्यालय में जांच प्रतिवेदनार्थ विचाराधीन है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 23.03.2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर उजर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद बीत जाने पर प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

G-252607170/1 मुहर
नायब तहसीलदार
महासमुन्द

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)

दूरभाष - 0788-2210876

दुर्ग, दिनांक 09.03.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर **दिनांक 30.03.2026** तक आमंत्रित की जाती हैः-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./सि.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 366 / 186929 | जिला दुर्ग के पोटिया मार्ग के कि.मी. 2/6 में 6 मीटर स्पॉन पुल निर्माण कार्य। | 38.14 |
| 367 / 186930 | शासकीय शहीद डोमेश्वर साहू कॉलेज जामगांव (आर) भरर पाटन के भवन का मरम्मत कार्य। | 19.87 |

टीप-
1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।
2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

G- 252607169/2

### जिला परिषद् का कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ

Emailid-ceozilaparishad saraikela@gmail.com

**–: शुद्धि पत्र :–**

इस कार्यालय के ज्ञापांक–111/जि0प0रि0, सरायकेला, दिनांक–02.03.2026 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–निविदा सं0–21/2025–26 जिसका PR No.-374026 Panchayati Raj (25-26):D है, को अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0सं0 | संशोधित विवरण एवं तिथि |
|---|---|
| 1. | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.03.2026 |
| 2. | निविदा online प्राप्त करने की संशोधित तिथि – 14.03.2026 से 20.03.2026 समय 5:00 PM तक पढ़ा जाए। |
| 3. | निविदा खोलने की संशोधित तिथि – 23.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाए। |

अन्य शर्त्त पूर्ववत् रहेंगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, सरायकेला–खरसावाँ

PR 375013 (Panchayati Raj)25-26*D

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या... बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
छाती, एलर्जी एवं सांस से जुड़ी सभी बीमारियों का आधुनिक एवं विशेषज्ञ उपचार एक ही स्थान पर
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसें • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स
क्षारकर्मा (लेप विधि) विशेषज्ञ
(ना कोई सुई, ना भर्ती 2 घंटे के बाद डिस्चार्ज)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
13000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# क्रिकेट मैदान पर बढ़ रहा है भारतीय महिलाओं का दबदबा, 14 राज्यों में भागीदारी दोगुनी

बीबीसी और कलेक्टिव न्यूजरूम के कराए एक अध्ययन के अनुसार भारत में महिला क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ और 2020 के बाद से 14 राज्यों में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। इस अध्ययन में 10 हजार से अधिक महिलाओं को शामिल किया गया। इसमें पाया गया कि 2020 में क्रिकेट खेलने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 10 प्रतिशत हो गई है।



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा महिलाओं में यह बढ़ोतरी और भी तेजी से हुई है। इसमें 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में यह छह प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गया है। अध्ययन के अनुसार, '15 से 24 वर्ष की हर चार में से एक युवती ने खेल को करियर विकल्प के रूप में सोचने पर विचार किया है।' हाल में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का प्रदर्शन भी शानदार रहा है। टीम ने अपना पहला वनडे विश्व कप जीता और लगभग एक दशक में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हराया। खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में इस सफलता का भी योगदान हो सकता है।

### यूपी में भागीदारी 10 गुना बढ़ी

उत्तर प्रदेश में भागीदारी 10 गुना बढ़कर एक से 10 प्रतिशत हो गई है। साथ ही इन राज्यों में क्रिकेट खेलने में महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।' अध्ययन से यह भी पता चला कि तीन पुरुषों के मुकाबले अब एक महिला क्रिकेट खिलाड़ी है जबकि 2020 में यह अनुपात पांच पुरुष और एक महिला का था। करियर के संदर्भ में 15 से 24 वर्ष की 26 प्रतिशत युवतियों ने खेल में करियर बनाने पर विचार किया है, जो 2020 में 16 प्रतिशत था। सबसे अधिक प्रतिशत तमिलनाडु (27 प्रतिशत), मध्य प्रदेश (19 प्रतिशत) और मेघालय (19 प्रतिशत) में दर्ज किया गया।

### क्रिकेट ने कबड्डी को काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ा

क्रिकेट ने पारंपरिक खेल कबड्डी को भी काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया है जो लंबे समय से भारत के ग्रामीण इलाकों में लोकप्रिय रहा है। अध्ययन में कहा गया, 'जिन राज्यों में अध्ययन किया गया, उनमें महिलाओं के बीच सबसे अधिक खेले जाने वाले खेल के रूप में क्रिकेट अपनी स्थिति और मजबूत कर चुका है। 2020 में यह कबड्डी से केवल मामूली अंतर से आगे था लेकिन अब क्रिकेट काफी आगे पहुंच गया है।'इसके अनुसार, 'अधिकांश क्षेत्रों में भागीदारी बढ़ी है। सर्वे किए गए राज्यों में से केवल दो को छोड़कर सभी में महिलाओं द्वारा क्रिकेट खेलने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई।



### महिलाओं की बैडमिंटन में भागीदारी बढ़ी



सर्वे में शामिल महिलाओं के बीच बैडमिंटन में भी भागीदारी बढ़ी है, विशेषकर पंजाब, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में। इसके अनुसार अगर सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का सही समाधान किया जाए तो और अधिक महिलाएं खेलों की ओर आकर्षित हो सकती हैं। अध्ययन के अनुसार, 'जो महिलाएं कोई खेल नहीं खेलतीं, उनमें से 13 प्रतिशत ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं को बाधा बताया।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड ने दी ओरम और रोंची को छुट्टी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड पुरुष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है। इस टीम के लिए 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा। इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा,' ल्यूक और जैक के लिए यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है। हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा।'

### पांच अंडर 67 स्कोर के साथ थिगाला शीर्ष पर



**पोंटे वेद्रा।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहित थिगाला प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दिन पांच अंडर 67 स्कोर करके संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। थिगाला के साथ मावेरिक मैकनीली, ली हॉजेस, सेप स्ट्राका और आस्टिन स्मूदरमैन पहले स्थान पर हैं। भारतीय मूल के अन्य खिलाड़ियों में अर्नाल्ड पामेर आमंत्रण टूर्नामेंट के विजेता अक्षय भाटिया संयुक्त 30वें , सुदर्शन येल्लामाराजू और आरोन राय संयुक्त 69वें स्थान पर हैं।

### जुलाई मे अल्टीमेट टेबल टेनिस, गोवा करेगा मेजबानी



**नई दिल्ली।** गोवा जुलाई में श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में फ्रेंचाइजी आधारित अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र की मेजबानी करेगा। लीग के आयोजकों ने इसकी जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वाधान में 11 स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित की जाने वाली यूटीटी 2017 में लांच हुई थी और आयोजकों ने एक बयान में कहा, अल्टीमेट टेबल टेनिस भारत के टेबल टेनिस तंत्र का अहम हिस्सा बन गई है। इससे पिछले कुछ वर्षों में प्रत्येक स्तर पर खेल बेहतर हुआ है। यूटीटी के सह प्रवर्तक विटा दानी ने कहा, इस लीग ने भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी की है,उन्हें ज्यादा पहचान मिली है। हमारा मकसद एक ऐसी विश्व स्तरीय लीग बनाना है जो युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करे, प्रशंसकों को इस खेल से जोड़े और लंबे समय तक खेल के विकास में मदद करे। खिलाड़ियों की नीलामी और सातवें सत्र के पूरे कार्यक्रम की घोषणा आगामी हफ्तों में की जाएगी।

## कार्लोस ने कैमरुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-4 से दर्ज की जीत

# लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बने अल्कारेज

### अल्कारेज ने 2023 और 2024 में जीता था टाइटल



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैमरून नॉरी के खिलाफ हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, स्पेन के अल्कारेज ने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था। इसके अलावा, 2026 में अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक पहुंचा दिया। अल्कारेज लगातार पांच बार इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले राफेल नडाल (2006-13) और नोवाक जोकोविच (2011-16) ये उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अल्कारेज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का टाइटल जीता था। दोनों बार उन्होंने फाइनल में मेदवेदेव को हराया था।



### मैंने आक्रामक खेला : अल्कारेज

जीत के बाद अल्कारेज ने कहा, "हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके भारी टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो है। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट ढूंढना पड़ता है। मैंने अच्छा खेला। मैंने आक्रामक खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।


### स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा रहा भारी

मैच के दौरान अल्कारेज और नॉरी ने अपनी रफ्तार बदली, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी का पलड़ा भारी रहा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्विस ब्रेक के साथ खत्म हुआ। नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्कारेज ने लगातार चार गेम जीता। पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने बेसलाइन हिटिंग के साथ हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिश्रण दिखाते हुए, एक घंटे 33 मिनट के बाद अपने चौथे मैच पॉइंट को बदलकर आगे बढ़ गए।

### एरिना का खिताब की ओर अगला कदम

एरिना सबालेंका ने बीएनपी परीबस ओपन क्वार्टर फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 7-6, 6-4 से हराकर इंडियन वेल्स टेनिस खिताब की ओर अगला कदम बढ़ा दिया। सबालेंका सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की 14वीं वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी, जिन्होंने आस्ट्रेलिया की गैर वरीय तालिया गिब्सन को 6-2, 4-6, 6-2 से मात दी।





### एलिना ने इगा को हराया

नौवीं वरीयता प्राप्त यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना भी पोलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को 6-2, 4-6, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई। अब उनका सामना एलेना रिबाकिना से होगा, जिसने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 7-6 से मात दी।

### मेदवेदेव ने गत चैंपियन ड्रेपर को दी मात

दानिल मेदवेदेव पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए। मेदवेदेव ने विवादास्पद अंपायर कॉल का फायदा उठाकर गत चैंपियन जैक ड्रेपर को 6-1, 7-5 से हराया। मेदवेदेव का सामना अब कार्लोस अल्काराज या कैमरन नॉरी से होगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिनर की टक्कर ज्वेरेव से होगी।



## क्रिकेट : 100-100 बॉल

# द हंड्रेड लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने 21 साल के जेम्स

### लंदन स्पिरिट ने 3,90,000 पाउंड में खरीदा



एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड में 100-100 गेंद की खेली जाने वाली द हंड्रेड लीग के आगामी सीजन के ऑक्शन में एक युवा खिलाड़ी पर जमकर पैसा बरसा। द हंड्रेड लीग में कुछ भारतीय फ्रेंचाइजी भी अपनी टीम खरीद चुकी हैं।

इनमें सनराइजर्स, मुंबई इंडियंस की एमआई, लखनऊ वाली फ्रेंचाइजी सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स वाले जीएमआर ग्रुप की टीम साउदर्न ब्रेव भी शामिल हैं। इन सभी भारतीय फ्रेंचाइजी ने जमकर खिलाड़ियों को खरीदा, लेकिन सबसे महंगे खिलाड़ी 21 साल के जेम्स कोल्स बने और उन्हें किसी भारतीय फ्रेंचाइजी ने नहीं बल्कि लंदन स्पिरिट ने खरीदा।

21 साल के जेम्स कोल्स का नाम जैसे ही ऑक्शन में आया, लंदन स्पिरिट ने उन्हें खरीदने के लिए तिजोरी खोल दी। दायें हाथ के बल्लेबाज और लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी करने वाले जेम्स कोल्स के लिए लंदन स्पिरिट की टीम ने 3,90,000 पाउंड यानी लगभग 4.8 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। इसके चलते वह द हंड्रेड के ऑक्शन में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी भी बने।

### 50 फर्स्ट क्लास मैचों में 2920 रन बनाए

जेम्स कोल्स ने साउथ अफ्रीका में होने वाली एसए20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न केप के लिए गेंद और बल्ले से बेहतरीन खेल दिखाया। इसके चलते वह कुछ मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच भी रहे। जेम्स ने इस लीग के सात मैचों में बल्ले से 38 की औसत से 152 रन बनाए और गेंदबाजी से पांच विकेट भी अपने नाम किए. इसके अलावा एसए20 लीग में उनकी टीम विजेता भी रही। जेम्स कोल्स के करियर की बात करें तो उन्होंने 50 फर्स्ट क्लास मैचों में 2920 रन बनाए और उनके नाम 57 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा 21 लिस्ट ए मैचों में 320 रन और 23 विकेट तथा 67 टी20 मैचों में 1260 रन और 50 विकेट शामिल हैं। द हंड्रेड में साल 2024 और 2025 सीजन में वह साउदर्न ब्रेव से खेल चुके हैं और उनके नाम 16 मैचों में 168 रन के साथ 6 विकेट दर्ज हैं।

# केम्प एफसी करेगा 'इंडियन वुमैंस लीग' में अभियान का आगाज

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की तेजी से उभरते केम्प फुटबॉल क्लब देश की शीर्ष लीग में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ 25 मार्च को कोलकाता की सुरुचि संघा एफसी के खिलाफ 'इंडियन वुमैंस लीग (आईडब्ल्यूएल) 2' में अपने अभियान का आगाज करेगा। बेंगलुरु स्थित इस टीम का गठन महज चार साल पहले हुआ था। केम्प एफसी कर्नाटक के महिला फुटबॉल जगत की सबसे होनहार टीमों में से एक बनकर उभरी है। सत्र शुरू होने से पहले क्लब ने 'वीएसटी समूह' से समर्थन मिलने की घोषणा भी की है। लगभग 80 प्रतिशत की प्रभावशाली जीत दर और 120 से अधिक युवा खिलाड़ियों के लिए एक सुनियोजित विकास योजना के साथ क्लब ने केएसएफए लीग प्रणाली में काफी प्रगति की है। अब उसका लक्ष्य आईडब्ल्यूएल 2 में शीर्ष पर पहुंचना है। केम्प एफसी की अध्यक्ष कैथलीन ने कहा, 'हमारा पूरा ध्यान फुटबॉल और युवा महिला खिलाड़ियों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करने पर केंद्रित है।'




# ईरान फुटबॉल टीम ने किया ट्रंप पर पलटवार

## कहा- विश्व कप में भाग लेने से 'कोई नहीं रोक सकता'

एजेंसी ▶▶| जेनेवा

ईरान की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा है कि उसे पुरुषों के फीफा विश्व कप से 'कोई भी बाहर नहीं कर सकता।'टीम ने गुरुवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट में तंज करते हुए यह भी कहा कि अगर सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती, तो शायद अमेरिका की टीम को ही टूर्नामेंट से बाहर कर देना चाहिए।

यह प्रतिक्रिया ट्रंप की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि सह-मेजबान अमेरिका ईरान के खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मौजूदा युद्ध के बावजूद ईरान की टीम का विश्व कप में स्वागत है, लेकिन 'मुझे सच में नहीं लगता कि उनकी जान और सुरक्षा के लिहाज से उनका वहां होना उचित है।'ईरान को ग्रुप चरण के अपने तीनों मुकाबले अमेरिका में खेलने हैं। फीफा विश्व कप की मेजबानी अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा संयुक्त रूप से कर रहे हैं। इस युद्ध के कारण ईरान की विश्व कप में भागीदारी पर सवाल उठने लगे हैं।



### ईरान टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक

इंस्टाग्राम पर ईरान की टीम की प्रतिक्रिया से स्पष्ट हुआ कि वे टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के इच्छुक है। पोस्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया कि टूर्नामेंट का संचालन फीफा करता है, न कि ट्रंप या अमेरिका। पोस्ट में कहा गया, ''विश्व कप एक ऐतिहासिक और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और इसका संचालन किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं, बल्कि फीफा के द्वारा होता है। निश्चित रूप से कोई भी ईरान की राष्ट्रीय टीम को विश्व कप से बाहर नहीं कर सकता। बाहर वही देश हो सकता है जो केवल मेजबान का दर्जा रखता हो लेकिन इस वैश्विक आयोजन में भाग लेने वाली टीमों को सुरक्षा देने की क्षमता नहीं रखता हो।'


## प्रणय, दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया बाहर

# टॉप्स कोर समूह में शामिल निशानेबाज सम्राट और सुरुचि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते पिस्टल निशानेबाज सम्राट राणा और सुरुचि सिंह, एशियाई स्वर्ण पदक विजेता लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह और विश्व चैंपियन पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें हाल में प्रदर्शन के आकलन के बाद 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टीओपीएस) के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है।

विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता राइफल निशानेबाज दिव्यांश सिंह पंवार और पहलवान दीपक पूनिया जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को 'प्रदर्शन के अपेक्षित मापदंडों' को पूरा नहीं कर पाने के कारण कोर समूह से हटा दिया गया है। 'टॉप्स' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएस जोहल की अध्यक्षता में 'मिशन ओलंपिक सेल' (एमओसी) की 169वीं बैठक में सूची में फेरबदल किया गया। सम्राट ने जहां पिछले साल 10 मीटर एयर पिस्टल की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धाओं में विश्व चैंपियन का खिताब जीता, वहीं सुरुचि ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक अपने नाम किए।



### प्रमोद ने जीता था छठा विश्व खिताब

*ओलंपिक के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद ने इस साल की शुरुआत में अपना छठा विश्व खिताब जीता। पोलियो के कारण बाएं पैर में विकार की दिव्यांगता का शिकार यह 37 वर्षीय खिलाड़ी लगातार तीन डोपिंग परीक्षणों में अनुपस्थित रहने के उल्लंघन के लिए तीन साल के निलंबन के बाद पिछले साल प्रतियोगिता में लौटा है। इस सूची में शामिल होने वाले एक अन्य खिलाड़ी इस वर्ष के एशियाई रजत पदक विजेता राइफल निशानेबाज नीरज कुमार हैं। हालांकि, पूर्व एशियाई स्वर्ण पदक विजेता शिव नरवाल को सूची में हुए कुछ बदलावों और नए नामों के शामिल होने के बाद 56 सदस्यीय मुख्य समूह से बाहर कर दिया गया है।*

### गुलवीर को पदोन्नत किया जाना उचित

पिछले साल गुलवीर के शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें विकास स्तर (डेवलपमेंटल लेवल) से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया जाना बिल्कुल उचित था। वे 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक भी हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में दोनों स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही बैडमिंटन मिश्रित युगल जोड़ी तनीशा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम फेदरवेट वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुक्केबाज जैस्मीन लंबोरिया को भी विकासात्मक स्तर से मुख्य स्तर पर पदोन्नत किया गया है।




7वीं फेल किसान का कमाल !

# एक ही पेड़ पर उगा दिए 350 किस्म के आम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के एक किसान ने ऐसा कमाल किया है जिसे देखकर वैज्ञानिक भी हैरान रह जाते हैं। 84 साल के कलीमुल्लाह खान को पूरे देश में 'मैंगो मैन ऑफ इंडिया' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने एक ही पेड़ पर 350 से ज्यादा तरह के आम उगाकर अनोखा रिकॉर्ड बनाया है।



## पढ़ाई में फेल, लेकिन खेती में बना लिया नाम

कलीमुल्लाह खान उत्तर प्रदेश के मलीहाबाद इलाके के रहने वाले हैं, जो अपने आमों के लिए मशहूर है। कलीमुल्लाह खान पढ़ाई में ज्यादा रुचि नहीं लेते थे और सातवीं कक्षा में फेल होने के बाद उन्होंने स्कूल छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने अपने परिवार के आम के बाग की देखभाल शुरू कर दी। यहीं से उनके जीवन का असली सफर शुरू हुआ।

## ग्राफ्टिंग तकनीक से किया कमाल

कलीमुल्लाह खान ने ग्राफ्टिंग नाम की तकनीक का इस्तेमाल किया। इसमें एक पेड़ की शाखा को दूसरे पेड़ की जड़ों से जोड़ दिया जाता है। सालों की मेहनत और प्रयोग के बाद उन्होंने एक ऐसा पेड़ तैयार किया जिस पर आज 350 से ज्यादा किस्म के आम लगते हैं। यह पेड़ करीब 125 साल पुराना बताया जाता है।

## एक पेड़ पर कई किस्म के आम उगाने का आया विचार

साल 1957 में कलीमुल्लाह खान के मन में एक अनोखा विचार आया। उन्होंने सोचा कि क्या एक ही पेड़ पर कई तरह के आम उगाए जा सकते हैं। उन्होंने प्रयोग करते हुए एक ऐसा पेड़ लगाया जिस पर सात तरह के आम उगाने की कोशिश की। लेकिन, उसी साल आई बाढ़ में वह पेड़ नष्ट हो गया। इस असफलता के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार प्रयोग करते रहे।


मौसम

सूखे और लू के खतरों ने बढ़ाई वैज्ञानिकों की टेंशन

# भारत में इस साल गर्मी तोड़ेगी सारे रिकॉर्ड! आ रहा है सुपर अल-नीनो

**मई-जून की तपिश अभी शुरू भी नहीं हुई है कि वैज्ञानिकों ने एक ऐसी चेतावनी जारी कर दी है, जिसने सबकी चिंता बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस साल सुपर अल-नीनो की दस्तक होने वाली है, जिसका सीधा असर भारत की गर्मी और मॉनसून पर पड़ेगा।**

**नई दिल्ली।** अगर आपको लगता है कि इस बार की गर्मी पिछले साल के मुकाबले कम होगी, तो आप गलत हैं। अभी तो मार्च का महीना खत्म भी नहीं हुआ है और सूरज के तेवर तीखे होने लगे हैं। ऐसे में वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि साल 2026 इतिहास के सबसे गर्म सालों में से एक हो सकता है। इसके पीछे उन्होंने प्रशांत महासागर में बनने वाले 'सुपर अल-नीनो' को बताया है। इसका मतलब है कि भारत में इस बार न केवल गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ सकती है, बल्कि मॉनसून पर भी काले बादल मंडरा रहे हैं। 13 मार्च 2026 को आई इस रिपोर्ट ने किसानों और सरकार की चिंता बढ़ा दी है।



## क्या है यह सुपर अल नीनो

सामान्य 'अल नीनो' के दौरान प्रशांत महासागर की सतह का तापमान बढ़ जाता है, जिससे दुनिया भर के मौसम पर असर पड़ता है। लेकिन, जब यह तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा (करीब 2-2.5 डिग्री सेल्सियस) बढ़ जाता है, तो उसे 'सुपर अल नीनो' कहा जाता है। इसके प्रभाव से भारत के कई हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है। यह शक्तिशाली मौसमी बदलाव मानसून की हवाओं को कमजोर कर देता है, जिससे बारिश में देरी या कमी होने की संभावना बढ़ जाती है।

## वैज्ञानिक क्यों हैं परेशान?

आमतौर पर अल नीनो हर कुछ सालों में आता है, लेकिन इस बार क्लाइमेट चेंज ने आग में घी का काम किया है। धरती का तापमान पहले से ही बढ़ा हुआ है, ऐसे में सुपर अल नीनो का आना लोगों पर डबल मार जैसा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि साल 2026 इतिहास का सबसे गर्म साल साबित हो सकता है।

## क्या हम तैयार हैं?

सुपर अल-नीनो केवल गर्मी नहीं लाता, बल्कि जल संकट भी खड़ा करता है। ऐसे में जलाशयों में पानी का स्तर गिर सकता है और बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। इसलिए, वैज्ञानिक प्रशासन को अभी से 'हीट एक्शन प्लान' और जल प्रबंधन पर काम शुरू करने की सलाह दे रहे हैं।

## भारत पर क्या होगा असर?

इस नई 'सुपर अल नीनो' बला के कारण मार्च और अप्रैल के महीने से ही भारत के कई हिस्सों में पारा 45-48 डिग्री के पार जा सकता है। शहरों में 'हीट आइलैंड' का असर बढ़ेगा, जिससे रातें भी ठंडी नहीं होंगी। इससे पहले अल नीनो का सीधा संबंध भारत में कम बारिश से रहा है। अगर 'सुपर अल नीनो' आता है, तो मॉनसून में देरी हो सकती है या बारिश बहुत कम हो सकती है। कम बारिश का मतलब है फसलों की बर्बादी। इससे खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ सकते हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है।

# 20 मार्च को दिन और रात होंगे बराबर! बदलने वाला है दुनिया का मौसम

**न्यूयार्क।** 20 मार्च को आसमान से जुड़ी एक खास खगोलीय घटना होने जा रही है, जिसे मार्च इक्विनॉक्स कहा जाता है। इस दिन पृथ्वी ऐसी स्थिति में पहुंचती है जब दिन और रात लगभग बराबर हो जाते हैं। यह घटना हर साल होती है और इसे मौसम के बदलाव का अहम संकेत भी माना जाता है।अगर आप भी खगोलीय घटनाओं से प्रेम करते हैं, तो 20 मार्च का दिन आपके लिए बेहद खास होने वाला है। इस दिन आप एक ऐसी खगोलीय घटना के गवाह बनेंगे जो साल में सिर्फ दो बार होती है। इसे मार्च इक्विनॉक्स या वर्नल इक्विनॉक्स कहा जाता है। आसान भाषा में कहें तो इस दिन हमारी धरती पर दिन और रात की लंबाई लगभग बराबर (12-12 घंटे) होती है। एस्ट्रोनॉमर्स के अनुसार, 2026 में मार्च इक्विनॉक्स का समय (भारतीय समयानुसार आईएसटी) 20 मार्च को रात करीब 8:16 बजे (14:46 यूटीसी) होगा। यह वह पल होगा जब सूरज की किरणें सीधे पृथ्वी की भूमध्य रेखा पर पड़ेंगी। इसके कारण पृथ्वी के लगभग हर हिस्से में दिन और रात की अवधि लगभग बराबर हो जाती है।




# 54 साल बाद फिर चांद की तरफ बढ़ेंगे इंसानी कदम

**वॉशिंगटन।** लगभग 54 साल बाद इंसान एक बार फिर चांद की ओर उड़ान भरने की तैयारी में है! अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपने आर्टेमिस-2 मिशन को 1 अप्रैल को लॉन्च करने जा रही है। यह मिशन इसलिए खास है, क्योंकि साल 1972 में अपोलो मिशन के बाद पहली बार अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की कक्षा तक का सफर तय करेंगे।

इंसानों के कदम एक बार फिर से उस नीले आसमान को चीरकर चांद का चक्कर लगाने की तैयारी में हैं। लगभग 54 साल के लंबे इंतजार के बाद अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपने ऐतिहासिक आर्टेमिस-2 मिशन के साथ अंतरिक्ष विज्ञान के एक नए युग की शुरुआत करने की तैयारी में है।



## ये है मिशन का उद्देश्य

नासा के इस मिशन में स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट और ओरायन स्पेसक्राफ्ट की पहली क्रूड फ्लाइट इंसानों के साथ उड़ान भरेगी। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री चांद के चारों ओर चक्कर लगाकर वापस पृथ्वी पर लौटेंगे। नासा के मुताबिक यह मिशन आने वाले समय में चंद्रमा की सतह पर उतरने वाले आर्टेमिस-3 मिशन के लिए लाइफ सपोर्ट सिस्टम और दूसरी जानकारी को परखने का एक बड़ा टेस्ट हो सकता है।

# 60 किमी लंबा 'मौत का दल'!

**नई दिल्ली।** अभी तक लोग शेर, चीते या शार्क जैसे बड़े शिकारियों से डरते थे। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि धरती पर सबसे ज्यादा तबाही मचाने वाली ताकत मात्र कुछ इंच का एक कीड़ा है? हम बात कर रहे हैं रेगिस्तानी टिड्डियों की। हाल ही में आई एक वैज्ञानिक रिपोर्ट के अनुसार, टिड्डियों के झुंड इतने विशाल और विनाशकारी हो सकते हैं कि वे 40 मील (करीब 65 किलोमीटर) के दायरे में फैलकर सूरज की रोशनी तक को रोक देते हैं। इनके झुंड में एक साथ 80 अरब से ज्यादा टिड्डियां शामिल हो सकती हैं। यह कुदरत की सबसे विनाशकारी शक्तियों में से एक है, जो पलक झपकते ही हरे-भरे खेतों को रेगिस्तान में बदल सकती है।



## क्यों है ये दुनिया का सबसे बड़ा खतरा?

टिड्डियों का एक छोटा सा झुंड भी एक दिन में इतना खाना खा सकता है, जितना 35,000 लोग मिलकर खाते हैं। एक वयस्क टिड्डी हर दिन अपने वजन के बराबर (लगभग 2 ग्राम) ताजा भोजन खाती है। इसका झुंड हवा के साथ एक दिन में 150 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकता है। अगर ये झुंड किसी कृषि प्रधान देश (जैसे भारत या अफ्रीकी देश) में घुस जाएं, तो चंद घंटों में पूरी फसल बर्बाद कर अकाल जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं।

## कैसे बनता है इतना बड़ा झुंड

टिड्डियां आम दिनों में अलग-अलग रहती हैं और ज्यादा नुकसान नहीं करतीं। लेकिन, जब मौसम अनुकूल हो जाता है और खाने के लिए भरपूर घास-पौधे मिलते हैं, तो इनकी संख्या तेजी से बढ़ने लगती है। धीरे-धीरे ये एक साथ इकट्ठा होने लगती हैं और फिर बड़े झुंड में उड़ान भरती हैं। कई छोटे झुंड मिलकर इतना बड़ा दल बना लेते हैं कि वह कई किलोमीटर तक फैला दिखाई देता है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com